रीवा
07 दिसंबर 2024 शनिवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर
रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



के एल राहुल बिना...
@ पेज 7

# पहाड़ों पर बर्फबारी के आसार, और बढ़ेगी ठंड



● दिल्ली-एनसीआर में साफ हुई हवा तो गिरने लगा पारा ● हरियाणा-पंजाब में 8-9 दिसंबर को बारिश के आसार

### यूपी-बिहार, राजस्थान में धीरे-धीरे बढ़ रहा ठंड का असर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम का मिजाज धीरे-धीरे बदलने लगा है। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में हल्की ठंड ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 8 दिसंबर, 2024 से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों को प्रभावित करेगा। इससे पश्चिमी हिमालय में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। बारिश और बर्फबारी से दिल्ली-एनसीआर समेत आस-पास के इलाके में ठंड बढ़ने आसार हैं। यूपी-बिहार समेत आस-पास के राज्यों में कोहरे का असर नजर



आ सकता है। राजस्थान में अगले से सर्दी बढ़ने के आसार हैं। हालांकि, बारिश या कोहरे का पूर्वानुमान नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक, धीरे-धीरे तापमान में गिरावट होने लगी है। अगले तीन दिनों तक उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है। बाद में स्थिति स्थिर हो सकती है। पूर्वी भारत में भी अगले दो दिनों में तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी जा सकती है। मध्य भारत में अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा।

**संक्षिप्त समाचार**

## दिल्ली जा रहा किसानों का जत्था हट गया पीछे

### मार्च के दौरान बैरिकेड तोड़े-तार उखाड़े, की नारेबाजी

**पटियाला/जींद (एजेंसी)** दिल्ली मार्च शुरू होने के करीब साढ़े तीन घंटे बाद किसान शंभू बॉर्डर से पीछे हट रहे हैं। किसान नेता सरवन सिंह ने कहा कि हमारे काफी नेता घायल हुए हैं। हम जत्थे को वापस बुला रहे हैं। मार्च पर फैसला बाद



में लिया जाएगा। पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर पिछले 9 महीने से कैंप लगाकर बैठे किसानों ने दोपहर एक बजे 101 किसानों का जत्था दिल्ली रवाना किया था। इसके बाद किसानों ने बेरिकेड और कंटीले तार उखाड़ दिए। इसके बाद हरियाणा पुलिस ने उन्हें चेतावनी दी और आंसू गैस के गोले छोड़े, 7 किसान घायल हुए हैं।

## महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र आज से

### कालिदास कोलंबकर प्रोटेम स्पीकर बने, ली शपथ

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र कल 7 दिसंबर से शुरू होने वाला है। नई सरकार के गठन के बाद भाजपा विधायक कालिदास कोलंबकर शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर होंगे। नौ बार



विधायक रह चुके कोलंबकर को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दोपहर 1 बजे राजभवन में शपथ दिलाई। प्रोटेम स्पीकर बनने के बाद कोलंबकर विधासनसभा सत्र के पहले दिन 288 नव-निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। साथ ही 9 दिसंबर को 15वीं विधानसभा के लिए अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। इसके बाद सीएम फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार विश्वास मत हासिल करेगी।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा

### 8 की मौत और 19 घायल

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण बस हादसा हुआ है। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई है और 19 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना कन्नौज जिले में हुई है। डबल डेकर बस और तेल टैंकर की आमने-सामने की टक्कर हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस और टैंकर में तुरंत आग लग गई। घटना की जानकारी जैसे ही स्थानीय प्रशासन को लगी, तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ है। बस में कुल 40 यात्री सवार थे।

## कॉलेज-यूनिवर्सिटीज में साल में अब 2 बार होगा एडमीशन

### एक साथ 2 डिग्री कोर्स कर सकेंगे छात्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजी) ने 5 दिसंबर को पढ़ाई के लिए नई गाइडलाइंस का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। इसके मुताबिक, स्टूडेंट्स डिग्री कोर्स के लिए साल में दो बार एडमिशन ले सकेंगे, डिग्री की पढ़ाई कम या ज्यादा समय में भी पूरी की जा सकेगी। हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स, डिग्री स्टूडेंट्स को 3 से 4 साल का डिग्री कोर्स, 2 साल या



5 साल में पूरा करने का विकल्प दे सकते हैं। केंद्र सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने राज्य सभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी है। उन्होंने यूनिवर्सिटीज के नाम नहीं बताए। साथ ही उन्होंने कहा, साल में दो बार स्टूडेंट्स को एडमिशन देने की पॉलिसी लागू करने के लिए जरूरी है कि शिक्षण संस्थान सावधानी से इसका प्लान बनाएं।

**तलाक के बाद भी...**

# गैर-दलित महिला के बच्चों को मिलेगा एससी का दर्जा

● सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला, आर्टिकल 142 के अधिकारों का किया इस्तेमाल ● सुप्रीम कोर्ट ने एक गैर-दलित महिला और दलित पति की शादी को किया रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक गैर-दलित महिला और दलित पुरुष से शादी की। दोनों से दो बच्चे भी हुए लेकिन रिश्तों में खटास आ गई। दोनों अलग-अलग रहने लगे। महिला दोनों बच्चों के साथ मायके रहने लगी। मामला अदालत पहुंचा। अब सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 142 तक खुद को मिले असाधारण अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए महिला और पुरुष की शादी को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पुरुष को वन टाइम सेटलमेंट के तौर पर महिला को 42 लाख रुपये का भुगतान करने, प्लॉट का मालिकाना हक देने और बच्चों की पोस्टग्रैजुएट तक पढ़ाई का सारा खर्च वहन करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में स्पष्ट किया कि गैर-दलित महिला को भले ही शादी के आधार पर एसएसी का दर्जा नहीं मिल सकता, लेकिन एससी से पैदा



हुए उसके दोनों बच्चों को तलाक के बाद भी एससी का दर्जा मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पति को आदेश दिया है कि वह 6 महीने के भीतर बच्चों को एसएसी सर्टिफिकेट बनवाकर दे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुयन की बेंच ने पति को बच्चों के लिए एससी सर्टिफिकेट लेने का आदेश दिया। बच्चे पिछले छह साल से मां के साथ रह रहे हैं। बेटा 11 साल का है और बेटी 6 साल की है। जूही पोरिया नी जवालकर और प्रदीप पोरिया को तलाक देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गैर-दलित महिला शादी से एससी नहीं बन सकती। लेकिन एससी पिता से जन्मे बच्चे एससी श्रेणी में आते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में भी यही कहा था, जन्म से जाति तय होती है, शादी से नहीं। सिर्फ पति एससी होने से पत्नी एससी नहीं हो सकती।

## और बढ़ जाएगी भारतीय नौसेना की अपनी ताकत

### रूस में बना वॉरशिप तुशील 9 दिंसबर को होगा नेवी में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन नेवी के लिए तलवार क्लास के तीसरे बैच का पहला वॉरशिप तुशील रूस में बनकर तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 दिसंबर को रूस में एक कार्यक्रम में तुशील को इंडियन नेवी में शामिल करेंगे। इससे पहले रूस में तुशील के सारे टेस्ट भी पूरे कर लिए गए हैं। कमीशनिंग के बाद, आईएनएस तुशील



भारतीय नौसेना की पश्चिमी बेड़े यानी वेस्टर्न फ्लीट के स्वॉर्ड आर्म में शामिल होगा, जो वेस्टर्न कमांड के तहत आता है। इंडियन नेवी की एक टीम भी रूस गई थी जिसने वॉरशिप का अंतिम ट्रायल लिया। तुशील सभी टेस्ट पर खरा उतरा है। तुशील एक फ्रिगेट है और इसमें ब्रह्मोस मिसाइल लगी हैं। यह 3600 टन से ज्यादा वजन का है। इसमें 180 नौसैनिक यात्रा कर सकते हैं। इसकी स्पीड 30 नॉटिकल माइल प्रति घंटे हैं। इसमें एंटी सबमरीन रॉकेट्स और टॉरपीडो लगाए गए हैं।

# न आपका लोन महंगा होगा न ही ईएमआई बढ़ेगी

● आरबीआई ने रेपो रेट 6.5 फीसदी पर रखा है बरकरार ● महंगाई बढ़ने की आशंका, घट सकती है इकोनॉमिक ग्रोथ

**मुंबई (एजेंसी)।** आपके मौजूदा लोन महंगे नहीं होंगे, न ही आपकी ईएमआई बढ़ेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। सेंट्रल बैंक ने लगातार 11वीं बार दरें नहीं बदली हैं। आखिरी बार फरवरी 2023 में ब्याज दर 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.5 फीसदी की गई थी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। यह मीटिंग हर दो महीने में होती है। आरबीआई ने महंगाई बढ़ने की आशंका भी जताई है, जिससे इकोनॉमिक ग्रोथ पर निगेटिव असर पड़ सकता है। इसीलिए अगले फाइनेंशियल इयर में जीडीपी ग्रोथ अनुमान 7.2 फीसदी से घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया गया है। आरबीआई ने ब्याज दरों को 6.5 फीसदी पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और मौजूदा लोन की ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25 फीसदी बढ़ाकर




6.5 फीसदी की थीं। कोलेटरल फ्री एग्रीकल्चरल लोन यानी कोई सामान गिरवी रखे बिना कर्ज देने की सीमा 1.6 लाख रुपए प्रति उधारकर्ता से बढ़ाकर 2 लाख रुपए प्रति उधारकर्ता करने का फैसला लिया गया है। एग्रीकल्चरल इनपुट कॉस्ट और ओवरऑल इन्फ्लेशन में बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है। आखिरी बार इसमें 2019 में बदलाव किया गया था। इस पर क्रेडिट लाइन यानी अकाउंट में पैसा न होने पर भी भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने की इजाजत दी गई है। बैंकों को अपने पास जमा राशि का एक न्यूनतम प्रतिशत आरबीआई के पास रिजर्व के तौर पर रखना होता है। इसे ही ईएमआई कहा जाता है। इसका इस्तेमाल आरबीआई इकोनॉमी में मनी फ्लो को कंट्रोल करने के लिए करती है। इससे लिक्विडिडी यानी बाजार में नकदी की उपलब्धता नियंत्रित रहती है। आरबीआई गवर्नर ने देश की अर्थव्यवस्था के बेहतर रहने की उम्मीद जताई, लेकिन कुछ चुनौतियों का जिक्र भी किया, जो इस पर असर डाल सकती हैं, खरीफ की अच्छी पैदावार, बांधों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी से एग्रीकल्चरल ग्रोथ को सपोर्ट मिला है। खनन और बिजली के भी सामान्य होने की उम्मीद है। वहीं इंडस्ट्रियल एक्टिविटी सामान्य होने से इकोनॉमिक ग्रोथ के पिछली तिमाही के निचले स्तर से उबरने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने यह भी कहा कि जियो पॉलिटिक्स में बनी चुनौतियां सभी देशों के सामने एक बड़ा मुद्दा बनी हुई हैं।

**गजबै है बिहार!**

# वोटर लिस्ट में 138 बच्चों का पिता एक 'मुन्ना कुमार'



● हिंदू और मुस्लिम दोनो समुदाय के बच्चो का एक ही पिता है दर्ज

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुजफ्फरपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति को 138 बच्चों का पिता बना दिया गया। तिरहुत स्नातक उपचुनाव की मतदाता सूची को देखकर लोग हैरान हो गए। इनमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों के पिता का नाम मुन्ना कुमार लिखा गया। मामला औराई प्रखंड के बूथ संख्या 54 से जुड़ा है। इस बूथ पर कुल 724 वोटर्स हैं। इस लिस्ट के सामने आने के बाद वोटर्स से लेकर प्रत्याशी और अधिकारी भी हैरान हैं। बता दें कि तिरहुत स्नातक उपचुनाव को लेकर हाल ही में वोटर्स की लिस्ट सामने आई थी। इसमें मुन्ना कुमार के 138 बेटे थे। यहां पर 724 मतदाताओं की सूची जारी की गई थी। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 5 दिसंबर को मतदान के बाद नौ 9 दिसंबर को एमआईटी कैंपस में मतगणना होना है। इसके लिए जिले में 41 मूल और 45 सहायक मतदान केंद्र समेत कुल 86 बूथ बनाए गए हैं। जिले के 45031 पुरुष, 22511 महिला और 5 थर्ड जेंडर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अंकित हैं।

# संसद में सीट से मिलीं नोटों की गड्डियां, जमकर मचा बवाल

### कांग्रेस सांसद अभिषेक सिंघवी की सीट से 50 हजार कैश मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के शीतकालीन सत्र के 9वें दिन शुक्रवार को राज्यसभा में 500 रुपए का बंडल (50 हजार रुपए) मिलने पर जमकर हंगामा हुआ। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से नोटों की गड्डी मिली थी। भाजपा ने जांच की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- जांच से पहले किसी का नाम लेना ठीक नहीं है। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा- कल (गुरुवार) सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने हमें जानकारी दी कि सीट नंबर



222 से कैश मिला है। यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को अलॉट की गई है। इस मामले में नियमों के मुताबिक जांच होनी चाहिए और यह हो भी रही है। धनखड़ के बयान पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मैं अनुरोध करता हूं कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और घटना की प्रामाणिकता स्थापित नहीं होती, तब तक किसी सदस्य का नाम नहीं लिया जाना चाहिए। ऐसा चिल्लर काम करके ही देश को बदनाम किया जा रहा है। आरोपों पर सिंघवी ने कहा-मैं जब राज्यसभा जाता हूं तो 500 का सिर्फ एक नोट लेकर जाता हूं। मैंने ऐसा पहली बार सुना है। मैं सदन में 12.57 पर पहुंचा था।

# मतदाता सूची में जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं के नाम जोड़ें

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा की

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुखबीर सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के पुनरीक्षण की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल करें। मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए 13 दिसम्बर तक आवेदन ले सकते हैं। इस अवधि तक सूची में नाम शामिल करने के लिए विशेष प्रयास करें। बीएलओ को प्राप्त आफलाइन आवेदन ऑनलाइन दर्ज कराकर उनका निराकरण करें।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले और विधानसभा क्षेत्र की जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करें। सीधी, उमरिया, गुना, अशोक नगर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ तथा अन्य जिलों में मतदाता प्रतिशत में सुधार करें। जनसंख्या के अनुसार वास्तविक मतदाताओं के नाम शामिल होने पर ही अनुपात में सुधार होगा। ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों से मृतक मतदाताओं की सूची प्राप्त करके उनके नाम मतदाता सूची से पृथक कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सीधी एनआईसी केन्द्र से रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी कालेज और हायर सेकण्डरी स्कूलों में बीएलओ जाकर 18 साल से अधिक आयु के विद्यार्थियों के नाम दर्ज कर उनके मतदाता सूची में नाम शामिल करने के आवेदन भरवा रहे हैं। रीवा संभाग के सभी जिलों में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।




# रीवा में 20 केन्द्रों में होगी लोक सेवा आयोग की पात्रता परीक्षा

## 15 दिसम्बर को होगी लोक सेवा आयोग की पात्रता परीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा 15 दिसम्बर को राज्य पात्रता परीक्षा 2024 आयोजित की जा रही है। इसके लिए 20 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 8482 आवेदक परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अरूण पाण्डेय को संभागीय पर्यवेक्षक बनाया गया है।

इस संबंध में परीक्षा प्रभारी तथा संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा के लिए महारानी लक्ष्मीबाई कालेज आफ टेक्नालाजी इटौरा बाईपास, सरस्वती हायर सेकण्डरी स्कूल नेहरू नगर, सरस्वती हायर सेकण्डरी स्कूल निराला नगर, कन्या महाविद्यालय कोठी कंपाउण्ड, शासकीय मॉडल साइंस कालेज, सीक्रेट हार्ट कान्वेंट स्कूल स्टेशन रोड तथा बाल भारती स्कूल सिरमौर चौराहा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह शासकीय मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक एक, मॉडल स्कूल रीवा, पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कालेज करहिया, सीएम राइज पीके स्कूल सिरमौर चौराहा, टीआरएस कालेज, उमादत्त स्मृति हाई स्कूल ढेकहा, गीतांजलि पब्लिक स्कूल सिविल लाइन तथा गवर्मेंट मार्तण्ड स्कूल क्रमांक दो स्टेडियम को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। बीएनपी मेमोरियल स्कूल जेल रोड, गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल गुढ़ चौराहा तथा सरस्वती हायर सेकण्डरी स्कूल धोबिया टंकी को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के दो दिन में निराकृत करें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण दो दिवस में निराकृत करें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बिजली बिलों में सुधार के लिए शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण कराएं। वोल्टेज की समस्या के भी आवेदन प्राथमिकता से निराकृत करें। जिला श्रम पदाधिकारी मजदूरों के पंजीयन के लिए लंबित सभी आवेदन पत्र जनपद कार्यालय में जाकर निराकृत कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समन्वय बनाकर पंजीयन से जुड़े आवेदन निराकृत कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों में जिनमें राशि जारी हो गई है उनके आवेदन निराकृत कराएं। अपात्र हितग्राहियों के आवेदन की अपात्रता का कारण दर्शाते हुए निराकृत करें। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और निर्माण कार्यों से संबंधित 47 आवेदन पत्र कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा निराकृत करें। सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदनों का व्यक्तिगत रूचि लेकर निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन नहरों में अंतिम बिन्दु तक पानी पहुंचने से संबंधित सभी आवेदनों का निराकरण करें। इस समय नहर में पूरी क्षमता से पानी छोड़े जिससे अंतिम छोर तक पानी पहुंच जाए। समय पर पानी नहीं मिला तो गेंहू की बोनी में देरी होगी। नहर में अतिरिक्त पानी होने पर ही उसे नईगढ़ी माइक्रो परियोजना में छोड़े। बैठक में कलेक्टर ने छात्रवृत्ति वितरण, जाति प्रमाण पत्र बनाने तथा थानों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने में देरी के प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में किसी भी तरह की लापरवाही न करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन और 100 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें।

# राजस्व अभियान में लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने राजस्व महाभियान की समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान में लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर सीमांकन व नक्शा तरमीम के प्रकरण निराकृत कराएं। किसी भी प्रकरण में आदेश होने के बाद अमल कराने की जिम्मेदारी राजस्व अधिकारी की ही है। इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण के शेष 324 प्रकरणों को पूर्ण करने तथा बटवारा के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बटवारा ट्रेस नक्शे के आधार पर ही किया जाए। नजरी नक्शे से किया गया बटवारा मान्य नहीं है। उन्होंने अभिलेख दुरूस्तगी के 34 शेष प्रकरणों को निराकृत करने के लिए भी निर्देशित किया। परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन कार्य पूर्ण करने तथा नवीन प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश बैठक में दिए गए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवकाश दिवस 7 व 8 दिसम्बर को भी राजस्व संबंधी कार्य होंगे तथा पटवारी दिए गए लक्ष्य के अनुसार सीमांकन का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान अवधि में किए गए कार्यों की प्रतिदिवस पोर्टल में फीडिंग अनिवार्यतः करें क्योंकि इसी के आधार पर रैंक का निर्धारण होता है। कलेक्टर ने साइबर तहसील के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए तथा कहा कि यह प्राथमिकता का कार्य है। इसमें कार्य न करने वालों का वेतन रोका जाएगा। पीएम किसान योजना के आधार से लिंक किए जाने तथा आधार को खसरे से लिंक करने के कार्य में सिरमौर व सेमरिया में कम प्रगति होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों के कार्यों को सर्वेयर के माध्यम से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण राजस्व अधिकारी कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, समस्त एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# कॉलेज चौराहे के समीप फ्लाई ओवर में दो बाइक की भिड़ंत, एक महिला की मौत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर में कॉलेज चौराहे के समीप स्थित फ्लाई ओवर के पास दो बाइक की भिड़ंत में एक महिला की जान चली गई। हादसा न्यायालय से वापस जाते समय हुआ। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले सड़क दुर्घटना में मृतिका के बेटे की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना को लेकर न्यायालय में मृतिका बतसिया साहू अपने परिजनों के साथ साथ बयान देने आई थी। वह अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर वापस जा रही थी। तभी सामने से आ रही बाइक से भीषण टक्कर हो गई। हादसे में महिला के सिर पर गंभीर चोट के कारण उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतिका बतसिया साहू गढ़ थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव की निवासी बताई गई है। मृतिका के परिजनों ने बताया कि 21 जनवरी को बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इसी मामले को लेकर न्यायालय में मृतिका बयान देने के लिए आई थी। लेकिन बयान नहीं हुआ और अगले दिन की डेट दे दी गई। जिसके चलते वह अपने भतीजे के यहां जा रही थी। तभी कॉलेज चौराहे के समीप स्थित फ्लाई ओवर के पास हादसा हो गया।

# जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए मानीटरिंग सेल गठित किया गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी/परियोजना अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, अधीक्षण यंत्री म.प्र. पूर्व ओ. वि.वि. कंपनी, सीएमएचओ, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी, प्रबंधक दूर संचार, उप संचालक कृषि, सहायक मत्स्य, उप संचालक पशुपालन, कार्यपालन यंत्री पर्यटन, प्राचार्य पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई तथा जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये मानीटरिंग सेल में शामिल किया है। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को अपनी विभागीय योजनाओं का चयनित ग्रामों में क्रिन्वायन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये है।

# अवकाश के दिनों में पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश, कम प्रगति वाले बीएमओ का रुकेगा वेतन

## आयुष्मान समन्वयक की सेवा समाप्ति की कार्यवाही के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देश दिए हैं कि अवकाश दिवसों 7 व 8 दिसम्बर को पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य करें। प्रत्येक जनपद को तीन हजार कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दिए गए लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित कराएं।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि इस अति महत्वपूर्ण कार्य में जिन व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं उनका पंचायतवार डाटाबेस निर्धारित है। कैंप लगाकर स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय से शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करें। इस कार्य में बीएमओ प्रत्येक 10-10 पंचायतों की स्वयं मॉनीटरिंग भी करें। किए गए कार्य कि आगामी सोमवार को होने वाली टीएल बैठक में समीक्षा की जाएगी। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयोजित होने वाले कैंप की मॉनीटरिंग करें तथा प्रत्येक जनपद के लिए दिए गए लक्ष्य को पूरा कराएं। कलेक्टर ने आयुष्मान समन्वयक की सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने तथा कम प्रगति वाले त्योंथर, सिरमौर, रायपुर व जवा के बीएमओ का वेतन आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश बैठक में दिए।

मोबाइल फोन से घर बैठे बना सकते हैं बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड - आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। इसकी सहायता से एक वर्ष की अवधि में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आधार माना गया है। इस संबंध में बताया गया कि रीवा एवं मऊगंज जिले में 70 साल से अधिक आयु के लगभग एक लाख 40 हजार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों तथा सभी अस्पतालों एवं संजीवनी केन्द्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम तथा सीएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। बताया गया है कि घर बैठे भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है। इसके लिए बस एन्ड्रायॅड फोन की आवश्यकता होगी। अपने फोन पर आयुष्मान एप डाउनलोड कर लें। इसमें निर्धारित विवरण दर्ज कर दें। आधार कार्ड और समग्र आईडी की जानकारी दर्ज करने के बाद दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने पर आयुष्मान कार्ड डाउनलोड हो जाएगा। यदि ओटीपी दर्ज करने के बाद किसी तरह का एरर दिखाई देता है तो पुनः क्लिक करके ओटीपी प्राप्त करें। इसमें पंजीयन होने के बाद आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जाएगा। इसे आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सहित सभी राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही जनपद के सीईओ, बीएमओ तथा सीडीपीओ व्हीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े।

## उचित मूल्य दूकानों के मौलिक सत्यापन हेतु दल गठित

**रीवा.** खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से सम्मिलित पात्र परिवारों को वितरण हेतु आवंटित खाद्यान्न, शक्कर एवं नमक के दर्शित स्टाक एवं दुकान में उपलब्ध भौतिक स्टाक का सत्यापन करने के लिये दल गठित किया गया है। कलेक्टर मऊगंज अजय वास्तव ने हनुमना, मऊगंज व नईगढ़ी तहसील के लिये संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार/नायब तहसीलदार, प्रबंधक सहकारी समिति के अतिरिक्त मुन्नालाल साकेत सहकारिता विस्तार अधिकारी को दल में शामिल किया है। इसके साथ ही हनुमना तहसील के लिये गठित दल में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, मऊगंज के दल में जयराम जाटव तथा नईगढ़ी के दल में अनमोल जैन को भी शामिल किया गया है।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 को

**रीवा.** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 23 दिसम्बर को शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदनों की जिलेवार समीक्षा करेंगे।

# दो दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अपने दो दिवसीय प्रवास पर आज रीवा पहुंचे। जहां उन्होंने महापरिनिर्वाण के अवसर पर कलेक्टरेट स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और इसके बाद मऊगंज जिले के लिए रवाना हो गए। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर राष्ट्र के निर्माता हैं और उनके द्वारा कभी भी जातिवाद की ओर ध्यान नहीं दिया गया जबकि आज की राजनीति जात-पात पर आधारित हो गई है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उम्र से तीन गुना ज्यादा अपराध, जिलाबदर व इनामी बदमाश फिर हुआ गिरफ्तार





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने उम्र से तीन गुना ज्यादा अपराध सहित नशे का कारोबार करने वाले कबाड़ी मोहल्ला निवासी सूरज लोनिया को 60 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद राठौर ने बताया कि आरोपी सूरज लोनिया के खिलाफ 18 साल में विभिन्न थानों में 43 अपराध दर्ज है। कई बार उसे जिलाबदर किया जा चुका है और इनाम भी घोषित हो चुका है। इसके बावजूद भी उस पर कोई सुधार नहीं हुआ। वह लगातार वारदातों को अंजाम दे रहा है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर के मुताबिक पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कबाड़ी मोहल्ला निवासी सूरज लोनिया अपनी लाल रंग की बाइक में अवैध नशीली कप सिरप लेकर एजी कॉलेज की तरफ से बड़ी पुल की ओर जा रहा है, जिस पर सक्रियता दिखते हुए बड़ी पुल के ऊपर घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी सूरज लोनिया पिता सुजय उर्फ राम सजीवन लोनिया उम्र 36 वर्ष निवासी कबाड़ी मोहल्ला को पकड़ा गया। आरोपी की ली गई तलाशी के दौरान 60 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद हुई। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है। आरोपी की बाइक भी जप्त की गई है।

### 1008 कुण्डिया यज्ञ के अगुआ, सनकादिक महराज का साक्षात्कार

# 15 वर्ष की उम्र से शुरू किया राम का जाप, शिव साधना ने बढ़ाई शक्ति अब तो बस हर जगह दिखाई देते हैं राम ही राम

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा की धरती में स्थित झलबदरी आश्रम में आज से 1008 कुण्डिया विशाल महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है जिसके मुखिया श्री श्री अनंत विभूषित ब्रह्मचारी सनकादिक महराज हैं। सन कादिक महराज का मानना है कि झलबदरी आश्रम में आयोजित इस महायज्ञ को सफल बनाने में लगभग पूरा नगर जुट चुका है और इस महायज्ञ के माध्यम से वह रीवा वासियों को धर्म के प्रति एक नई चेतना देकर जाएंगे।



साधु तो समाज की प्रेरणा होते हैं तथा उनका कोई जीवनकाल या जन्म नहीं होती वह केवल मृत्यु जन्मदिन से ही जाने जाते हैं यह कहना है श्री श्री अनंत विभूषित ब्रह्मचारी सनकादिक महराज का जो अपने जीवन के 15 वर्ष की आयु में भगवान राम से जुड़ गए जहां से उन्होंने राम नाम का जप करना शुरू किया फिर अचानक से एक दिन उनके गुरु द्वारा उन्हें भोलेनाथ की साधना करने की जानकारी दी गई जिसके बाद वह शिव साधना में लीन होकर महाकाल की उपासना करने लगे और उनका अनुराग बढ़ता गया।

सनकादिक महराज ने बताया कि उनके गुरु श्री अनंत स्वामी रामरतन बर्फानी महराज ने उन्हें शिव की साधना के लिए एक माला दी जिसमें राम नाम अंकित था और उस माला से उन्होंने ? नमः शिवाय का जाप करना प्रारंभ किया जिसे करते हुए उन्हें आनंद की प्राप्ति हुई और सिद्धि मिल गई। तथा बाद उन्होंने खुद को राम के नाम समर्पित कर दिया और चित्रकूट में राम दरबार बना रहने लगे। महराज बताते हैं कि उन्होंने ऋषिकेश के कैलाश आश्रम से अपनी शिक्षा दीक्षा पूरी की थी और वहां शिव की साधना से ही राम का नाम प्रिय लगने लगा।

अनंत विभूषित ब्रह्मचारी सनकादिक महराज ने बताया कि वह साल 2006 से पूर्ण रूपेण चित्रकूट के ही होकर रह गए क्योंकि भगवान राम का असल वास चित्रकूट में ही है तथा विगत 12 वर्ष पूर्व रीवा के झलबदरी आश्रम में ही हुए यज्ञ में शामिल होने के बाद ही उन्होंने विचार किया था कि इसी तरह का एक और महायज्ञ यहां होना चाहिए जिसपर अब एक बार फिर 1008 कुण्डिया महायज्ञ आज से शुरू किया जा रहा है जिसका आगामी 15 दिसंबर को समापन किया जाएगा।

सनकादिक महराज ने झलबदरी आश्रम में हो रहे इस 1008 कुण्डिया महायज्ञ से अधिक से अधिक लोगों के जुड़ने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 1008 कुण्डिया हो रहे इस यज्ञ में चारों वेदों का परायण किया जाएगा इसके अलावा सनातन में नई ऊर्जा भरने तमाम ग्रंथों के समागम का पाठ भी होना है।

# एमपी के एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत

## ट्रक में घुसी बोलेरो, प्रयागराज में अस्थियां विसर्जित कर छतरपुर लौट रहे थे





**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** मध्यप्रदेश के एक ही परिवार के 6 लोगों की सड़क हादसे में जान चली गईं। परिवार बोलेरो से उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में अस्थियां विसर्जित करने गया था। लौटते समय ड्राइवर को झपकी आने पर बोलेरो कार ट्रक में घुस गई।

हादसा शुक्रवार सुबह उत्तरप्रदेश के चित्रकूट में रैपुरा थाना क्षेत्र में झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर हुआ। बोलेरो में 11 लोग सवार थे। 5 घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है। बता दें कि रविवार को कामता अहिरवार की कैंसर के चलते मौत हो गई थी। इनकी अस्थियों के विसर्जन के लिए परिवार छतरपुर से प्रयागराज गया हुआ था।

हादसे में घायल जमुना अहिरवार की बेटी हेमा ने बताया कि रात में पापा ने कॉल कर बताया था कि सुबह आ जाएंगे। खाना बनाकर रखना। फोन नहीं लगा तो नाना को कॉल किया। कॉल किसी दूसरे ने उठाया तब इस घटना का पता चला।

**5 गंभीर घायलों को प्रयागराज किया रेफर:** हादसे की सूचना पर चित्रकूट के डीएम शिवशरणप्पा और एसपी अरुण सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे। एसपी अरुण सिंह ने बताया कि ट्रक और जीप की टक्कर में छह की मौत हो गई है। पांच घायल जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जिन्हें प्रयागराज रेफर किया है।

बोलेरो और ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हुई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। 5 लोग जो घायल हैं, उनकी हालत बहुत गंभीर है। फिलहाल, वे कुछ बताने की स्थिति में नहीं हैं।

**डीआईजी-कमिश्नर ने अस्पताल में की घायलों से मुलाकात:** कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी और डीआईजी अजय कुमार सिंह भी घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने घायलों का हाल-चाल जाना है और उन्हें बेहतर इलाज का आश्वासन दिया है। कमिश्नर ने कहा कि हम लोग सुबह से ही घटनास्थल का जायजा ले रहे हैं। पीड़ितों की हर संभव मदद की जाएगी।

**उत्तरप्रदेश के सीएम योगी ने जताया दुख:** चित्रकूट हादसे पर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। घटना पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। अफसरों को मौके पर पहुंचने और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं।

### औचक निरीक्षण में निकलीं कमिश्नर सुरभि गुप्ता

## छतवई में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल पहुंची, धान उपार्जन केंद्र में भी देखी व्यवस्था



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल की नवागत कमिश्नर शुक्रवार को जिले के भ्रमण पर निकलीं। इस दौरान कमिश्नर सुरभि गुप्ता सोहागपुर के ग्राम पंचायत छतवई में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक महाप्रबंधक भवन विकास निगम को निर्देश दिए कि सीएम राइज विद्यालय के लिए निर्माणाधीन कार्य गुणवत्तायुक्त और समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें और निर्माणाधीन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने सीएम राईज स्कूल छतवई के भवन की ड्राईग का भी अवलोकन किया और क्लास रूम, लाइब्रेरी, डांस रूम, म्यूजिक रूम के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

**प्री प्राईमरी स्कूल पहुंची कमिश्नर:** कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने छतवई में सीएम राईज स्कूल के प्री प्राईमरी क्लास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने विद्यार्थियों से चर्चा की और संबंधित अधिकारी से मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। इसी दौरान कमिश्नर ने शहडोल जिले के तहसील सोहागपुर के ग्राम छतवई के मतदान केंद्र 123 और 124 का निरीक्षण किया और संबंधित बीएलओ से मतदाता सूची से संबंध में जानकारी ली।

**धान उपार्जन केंद्र छतवई का किया निरीक्षण:** कमिश्नर ने धान उपार्जन केंद्र छतवई का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने धान उपार्जन केंद्र में बारदाना, तौल कांटा और बारिश के बचाव के लिए तिरपाल की उचित व्यवस्था सुश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन के बाद किसानों के खाते में धान की एंट्री भी समय पर करें जिससे भुगतान की प्रक्रिया में कोई समस्या न हो।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत भगोहर के ग्राम सूखी में कार्यक्रम सम्पन्न

### जनजातीय समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मील का पत्थर साबित होगा अभियान: विधायक





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश के 51 जिलों में किया जा रहा है। उक्त अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत भगोहर के ग्राम सूखी में विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार 05 दिसंबर को कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अभियान में संवेदनशीलता के साथ अनुसूचित जनजाति वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने के लिए एवं उनके समग्र विकास के लिए 18 विभागों की 25 योजनाओं की गतिविधियों को शत प्रतिशत सैचुरेशन किए जाने हेतु ग्रामीणजन को जानकारी दी गई।

विधायक पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार आदिवासी समुदाय के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है। इन योजनाओं से जनजातीय समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और संपूर्ण भारतीय समाज स्वर्णिम भविष्य की ओर अग्रसर होगा तथा सम्पूर्ण भारत में जनजातीय समुदायों के समग्र विकास को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार एवं अन्य जनप्रतिनिधि, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी, अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मनाया गया अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवा दिवस

**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** नेहरू युवा केंद्र रीवा द्वारा माय भारत के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवा दिवस 2024 के अवसर पर डिहिया रीवा में गोष्ठी और श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता शपथ कर किया गया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी ने बताया कि स्वयंसेवा का मानव जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है और व्यक्तिगत स्तर पर सभी को सप्ताह में दो घंटे श्रमदान, साफसफाई अथवा पौधारोपण कर स्वयंसेवा अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पृथ्वीराज आईटीआई के प्रिंसिपल गणेश गुप्ता, हर्षित सिंह परिहार अध्यापक, रंजीत कुमार, कमलेश्वर चंद्र, राजलाल दहिया, अमृतलाल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर समस्त अतिथियों द्वारा स्वयंसेवा की विशिष्टता एवं जरूरत पर चर्चा किया गया।

## कमिश्नर ने किया प्राथमिक शाला का निरीक्षण, छात्र उपस्थिति बढ़ाने के दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने जिले में प्रवास के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला ठाकुर टोला बरम्बाबा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने विद्यालय में छात्रों की न्यून उपस्थिति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा कि विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। अभिभावकों से गृह भेंट कर छात्रों की उपस्थिति बढ़ायें। छात्रों के शैक्षणिक स्तर में भी सुधार के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने उपस्थित अधिकारियों को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने तथा छात्रों एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान कमिश्नर ने कक्षा 4 व 5 के बच्चों से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा। भ्रमण के दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. पीएल मिश्रा, सहायक आयुक्त आदिवासी कार्य विभाग डॉ. डीके द्विवेदी, नायब तहसीलदार तीरथ अक्षरिया, एडीपीसी प्रवीण शुक्ला उपस्थित रहे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा की

### मतदाता सूची में जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं के नाम जोड़ें: श्री सिंह

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखबीर सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के पुनरीक्षण की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल करें। मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए 13 दिसम्बर तक आवेदन ले सकते हैं। इस अवधि तक सूची में नाम शामिल करने के लिए विशेष प्रयास करें। बीएलओ को प्राप्त आफ्लाइन आवेदन ऑनलाइन दर्ज कराकर उनका निराकरण करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले और विधानसभा क्षेत्र की जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करें। जनसंख्या के अनुसार वास्तविक मतदाताओं के नाम शामिल होने पर ही अनुपात में सुधार होगा। ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों से मृतक मतदाताओं की सूची प्राप्त करके उनके नाम मतदाता सूची से पृथक कराएं।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सीधी एनआईसी केन्द्र से रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी कालेज और हायर सेकण्डरी स्कूलों में बीएलओ जाकर 18 साल से अधिक आयु के विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के आवेदन भरवा रहे हैं। रीवा संभाग के सभी जिलों में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि जिले में सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने की कार्यवाही जारी है। आयोग के निर्देशानुसार सभी कार्यवाहियों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लिया जावेगा।

कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर नहीं मिल रही दवाएं

### केंद्र संचालक ने कहा- डॉक्टर एक ब्रांड नाम लिखते हैं, मरीज को भी वही चाहिए










**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर लोगों को दवाई नहीं मिल रही है। बाजार से आधे से भी कम कीमत पर दवा खरीदने यहां लोग चक्कर लगाते हैं, लेकिन खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। ऐसे में लोगों को मजबूरी में बाजार से महंगी दवा खरीदनी पड़ रही है।

सीधी जिले में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा किया जा रहा है। जिसके सक्रिय सदस्य के रूप में सुरेंद्र मणि दुबे हैं। इनको ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का लाइसेंस मिला हुआ है। सुरेंद्र भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी हैं।

**कैल्शियम तक कि नहीं मिलती है दवा:** रामकिशोर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि में अपने पिताजी के लिए दवाइयां लेने के लिए गया हुआ था। जहां उनके घुटनों तथा हाथ की कोहनी में दर्द होता था। डॉक्टर ने बाहर से कैल्शियम की दवाई लेने मे लिए सजेस्ट किया था। लेकिन जन औषधि केंद्र में गया तो वहां फार्मासिस्ट ने यह कहकर दवाई नहीं दी कि अभी यह स्टॉक आया ही नहीं है। इसी प्रकार प्रशांत पटेल ने बताया कि मुझे टाइफाइड की शिकायत है। डॉक्टर ने कुछ दवाएं अस्पताल से लिखी और कुछ दवाइयां बाहर से लिखी। पर मुझे वहां से कोई भी दवाई नहीं मिली है जिसकी वजह से मुझे बाजार से ?870 में दवाई खरीदनी पड़ी।

**भाजपा के चहेतों को दिया गया लाइसेंस:** कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह का कहना है कि इस केंद्र के संचालक सुरेंद्र भारतीय जनता पार्टी में करीब 15 वर्षों से सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में ये कार्य कर रहे है। इसके अलावा यह जिला मीडिया प्रभारी भी हैं। इसी वजह से इन्हें यहां का लाइसेंस भी दिया गया है। कई बार लोगों की शिकायतें भी आई है कि दवाइयां वहां नहीं मिलती हैं। जन औषधि केंद्र में 2000 से ज्यादा तरह की दवाइयां दी जाती हैं। लेकिन लोगों को केवल पेरासिटामोल और नॉर्मल खांसी को छोड़कर अन्य दवाइयां जो महंगी होती है उन्हें नहीं दिया जाता।

**डॉक्टर नहीं देते हैं फॉर्मूला इसलिए नहीं मिल पाती है दवाई:** फार्मासिस्ट अनुपमा त्रिपाठी ने बताया कि मेरे यहां कैल्शियम की दवाई अभी नहीं आई है। इसलिए कस्टमर को नहीं दी। इसके अलावा डॉक्टर सिर्फ एक ब्रांड नाम लिखते हैं इसकी वजह से हमें देने में परेशानी होती है। अगर वे फॉर्मूला लिख दें तो हम उसके तहत दवाइयां दे सकते हैं। इसी वजह से कुछ कस्टमर को दवाइयां नहीं मिल पाती है और उन्हें लौटना पड़ जाता है।

**घुमा फिरा कर दे रहे सुरेंद्र मणि जवाब:** वही लाइसेंस धारी सुरेंद्र मणि दुबे ने कहा कि उनके नाम से कोई लाइसेंस नहीं है। लाइसेंस संस्था के नाम से है। बाद में उन्होंने कहा कि लाइसेंस उन्हीं के नाम से है। दवाइयां न मिलने पर उन्होंने कहा कि डॉक्टर फार्मूला नहीं लिखते हैं जिसकी वजह से हम दवाई नहीं दे पाते। लोग सिर्फ वही दवाइयां मांगते हैं जो डॉक्टर ने लिखी है। अगर हम गलत हैं तो आप रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष कलेक्टर से बात कर सकते हैं या सचिव सीएमएचओ से बात कर सकते हैं।

वहीं पूरे मामले को लेकर सीएमएचओ डॉक्टर सुनीता तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से संचालित की गई है। इसमें सुरेंद्र मणि दुबे को लाइसेंस प्राप्त है। लोगों को उचित और कम दाम पर दवाई मिले इसके लिए इसे संचालित किया गया है और अगर लोगों को वहां दवाई नहीं मिल पाती है तो हम इसकी जांच करवाएंगे और नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय रिज़र्व बैंक
जनता को **सोशल मीडिया** पर प्रसारित **शीर्ष प्रबंधन** द्वारा वित्तीय सलाह देने वाले फर्जी **(डीपफेक) वीडियो** के प्रति सतर्क करता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञान में यह आया है कि सोशल मीडिया पर गवर्नर के फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें रिज़र्व बैंक द्वारा कतिपय निवेश योजनाओं को शुरू करने या उनको समर्थन प्रदान करने का दावा किया गया है। इन वीडियो में लोगों को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से ऐसी योजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की सलाह देने का प्रयास किया गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक यह स्पष्ट करता है कि उसके अधिकारी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं हैं और न ही उनका समर्थन करते हैं तथा ये वीडियो फर्जी हैं। रिज़र्व बैंक वित्तीय निवेश संबंधी ऐसी कोई सलाह नहीं देता है।

अतएव, जन सामान्य को सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसे फर्जी (डीपफेक) वीडियो और उनका शिकार होने से बचने के लिए सतर्क किया जाता है।

आरबीआई वेबसाइट पर जाने के लिए यहां स्कैन करें।
जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## विचार

# बुशरा बीबी -तहरीक-ए-इंसाफ का नकाबपोश चेहरा

**पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने 22 नवंबर को इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पी.टी.आई.) समर्थकों द्वारा आयोजित 'करो या मरो' धरने से पहले एक दुर्लभ वीडियो संदेश में कहा, ''यह पाकिस्तान की आजादी की लड़ाई है।'' 49 वर्षीय बुशरा बीबी ने पी.टी.आई. समर्थकों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में राजधानी में इकट्ठा होकर खान की जेल से रिहाई की मांग करने वाले विरोध प्रदर्शन में शामिल हों। 25-26 नवंबर को इस्लामाबाद में जन-जीवन पूरी तरह से ठप्प हो गया, क्योंकि बुशरा के नेतृत्व में हजारों पी.टी.आई. समर्थकों ने प्रतिबंध के आदेश की अवहेलना करते हुए शहर में मार्च किया। इस्लामाबाद में खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गनदपुर के साथ एक ट्रक के ऊपर अप्रत्याशित रूप से दिखाई देने वाली बुशरा ने प्रदर्शनकारियों से कहा, ''आपको वादा करना होगा कि जब तक इमरान खान यहां नहीं आते, तब तक आप यहां से नहीं जाएंगे।'' हालांकि, जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हिंसक हो गईं, तो बुशरा और गनदपुर राजधानी के रैड जोन से पीछे हट गए, जो पाकिस्तान की सरकार का आवास क्षेत्र है। पंजाब के एक जमींदार परिवार से ताल्लुक रखने वाली बुशरा रियाज वट्टू के बारे में 2018 में मिस्टर खान से शादी से पहले बहुत कम जानकारी थी। सूफी धर्म की अनुयायी संत फरीदुद्दीन मसूद गंजशकर (बाबा फरीद) की अनुयायी बुशरा को खान से उनकी बहन मरियम रियाज वट्टू ने 2014 में इस्लामाबाद में पी.टी.आई. के 'सिट-इन' विरोध के दौरान मिलवाया था।**

**उस समय एक सीमा शुल्क अधिकारी खावर मेनका से विवाहित बुशरा और खान सूफीवाद में अपनी संयुक्त रुचि के कारण जुड़े। जल्द ही खान बाबा फरीद की जन्मस्थली पाकपट्टन में बुशरा के पति के घर पर आध्यात्मिक मार्गदर्शन की तलाश में अक्सर उनसे मिलने लगे। 14 नवंबर 2017 को, खावर मेनका और बुशरा का तलाक हो गया और फरवरी 2018 में, क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान से बुशरा ने एक गुप्त समारोह में उनसे शादी कर ली। तुलना करें तो खान की 2 पूर्व पत्नियों और उनकी वर्तमान पत्नी के बीच का अंतर बहुत बड़ा है। ब्रिटिश पत्रकार जेमीमा गोल्डस्मिथ और पाकिस्तानी पत्रकार रेहम खान दोनों ही सार्वजनिक हस्तियां हैं, जिन्होंने अपने पूर्व पति के बारे में कई बयान दिए हैं, चाहे वे उनकी प्रशंसा करें या कुछ और। बुशरा सचमुच लोगों की नजरों से दूर ही रही हैं, क्योंकि उन्हें अक्सर काले या सफेद अबाया पहने हुए देखा जाता है,**

# सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करे संसद

**जब 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद संसद का पुनर्गठन हुआ, तो आपके स्तंभकार ने 8 कानूनों की एक सूची तैयार की थी, जिन पर केंद्र सरकार को विचार करना चाहिए और सभी नागरिकों के लिए न्याय, समानता, स्वतंत्रता सुनिश्चित करनी चाहिए। अब, संसद का शीतकालीन सत्र आधा बीत जाने के साथ, आइए उस सूची में 4 और कानून जोड़ें- 1. धर्मांतरण विरोधी कानून; 2. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में पुलिस हिरासत; 3. गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम; 4. बॉबे प्रिवेंशन ऑफ बेगिंग एट, 1959। ये कानून हाशिए पर रहने वाले समुदायों को असंगत रूप से नुकसान पहुंचाते हैं, व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करते हैं और संवैधानिक सुरक्षा उपायों का उल्लंघन करते हैं।**



अब समय आ गया है कि संसद लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए इन 4 कानूनों पर विचार-विमर्श, गंभीर रूप से पुनर्मूल्यांकन और निरस्त करे। धर्मांतरण विरोधी कानून 1960 के दशक के हैं लेकिन गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश राज्यों में इन कानूनों को पारित करने के कुछ हालिया उदाहरण हैं। ये कानून क्रमशः अनुच्छेद 25 और अनुच्छेद 21 के तहत संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और गोपनीयता के मौलिक अधिकारों को कमजोर करते हैं। धर्मांतरण के लिए पूर्व सूचना या राज्य की मंजूरी की आवश्यकता के कारण, ये कानून पितृसत्तात्मक प्रतिबंध लगाते हैं, जिससे अक्सर उत्पीडऩ, सांप्रदायिक तनाव और व्यक्तिगत स्वायत्तता का उल्लंघन होता है। वे असंगत रूप से अंतरधार्मिक विवाहों को निशाना बनाते हैं और 'लव जिहाद' जैसी भेदभावपूर्ण रूढ़िवादिता को कायम रखते हैं। ये कानून गहरी व्यक्तिगत पसंद की बजाय निगरानी जैसी स्थिति को बढ़ावा देते हैं, जो हमारे महान राष्ट्र के धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक लोकाचार के विपरीत है। जल्दबाजी में बनाए गए नए आपराधिक कानूनों में, पुलिस हिरासत के बारे में बात करने वाले अनुभाग से, 'पुलिस की हिरासत के अलावा अन्यथा' शब्द हटा दिए गए हैं। मौजूदा ढांचे के तहत, समग्र हिरासत अवधि के बावजूद, प्रारंभिक अवधि के भीतर पुलिस हिरासत 15 दिनों तक सीमित थी। यह सीमा सत्ता के दुरुपयोग और हिरासत में दुरुपयोग के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय है।

हालांकि, नया प्रावधान प्रभावी रूप से 15-दिन की हिरासत अवधि को विभाजित करने और संपूर्ण रिमांड अवधि में फैलाने की अनुमति देता है। इसका मतलब है कि किसी व्यक्ति को अपराध की गंभीरता के आधार पर, 60 या 90 दिनों की हिरासत के दौरान अंतराल पर बार-बार पुलिस हिरासत में रखा जा सकता है। इससे संभावित रूप से लंबे समय तक और रुक-रुक कर हिरासत में रहना पड़ सकता है, हिरासत में दुर्व्यवहार का खतरा बढ़ सकता है, व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन हो सकता है और मनमानी हिरासत के खिलाफ सुरक्षा उपायों को कमजोर किया जा सकता है।

गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यू.ए.पी.ए.) भारत में मौलिक अधिकारों और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरा है। स्वतंत्र भाषण और असहमति को अपराध बनाकर, यह संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 को कमजोर करता है, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है। कानून 'गैर-कानूनी गतिविधि' को बहुत अस्पष्ट रूप से परिभाषित करता है जो सरकार को निष्पक्ष सुनवाई के बिना व्यक्तियों या संगठनों को 'आतंकवादी' के रूप में नामित करने की अनुमति देता है। इसने कार्यकर्ताओ, पत्रकारों और छात्रों को लक्षित करने में प्रावधान के मनमाने ढंग से उपयोग को सक्षम किया है। यू.ए.पी.ए. संपत्ति की जब्ती और 180 दिनों तक बिना किसी आरोप के हिरासत में रखने की अनुमति देकर उचित प्रक्रिया को और भी कमजोर कर देता है। कानून का दुरुपयोग केवल 3 प्रतिशत की निराशाजनक सजा दर से बढ़ जाता है। यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि यू.ए.पी.ए के अधीन अधिकांश व्यक्तियों को पर्याप्त सबूत की आवश्यकता के बिना लंबे समय तक कैद में रहना पड़ता है। यह अनुच्छेद 22 के तहत निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन करता है और न्याय और समानता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को धूमिल करता है। यू.ए.पी.ए., अपने वर्तमान स्वरूप में, एक कठोर वातावरण बनाता है जहां असहमति को अपराध घोषित कर दिया जाता है, और नागरिकों को मौलिक स्वतंत्रता से वंचित कर दिया जाता है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 4,13,670 लोग भीख मांगते थे। बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ बैड्क्षगग एक्ट, 1959 भीख मांगने को एक अपराध मानता है, जिसमें धारा 2(1)(द्ब) जैसी अस्पष्ट परिभाषाओं का उपयोग करते हुए भिक्षा मांगना या पैसे के लिए सड़कों पर प्रदर्शन करना शामिल है। यह गरीब और अनौपचारिक श्रमिकों को गलत तरीके से निशाना बनाता है। धारा 5 जैसे प्रावधान, जो भीख मांगते हुए पकड़े गए लोगों को भीड़भाड़ वाले 'प्रमाणित संस्थानों' में 3 साल तक हिरासत में रखने की अनुमति देते हैं, व्यक्तियों से उनकी गरिमा छीन लेते हैं। इसी तरह, धारा 11, जो बिना वारंट के गिरफ्तारी की अनुमति देती है, दुर्व्यवहार और उत्पीडऩ का द्वार खोलती है। बेघरता और बेरोजगारी जैसे मूल कारणों को संबोधित करने के बजाय, यह अधिनियम लोगों को उनकी गरीबी के लिए दंडित करता है। इस कठोर, पुराने कानून को निरस्त करने से अधिक मानवीय दृष्टिकोण अपनाने, गरीबी को एक सामाजिक मुद्दा मानने और कमजोर समुदायों को सम्मान और देखभाल के साथ मदद करने की अनुमति मिलेगी।

## शिंदे से ज्यादा सक्षम हैं फडनवीस

भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल की, जिसके नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए। अप्रत्याशित सफलता के पीछे किसी ने आतिशबाजी की उम्मीद की होगी। इसके बजाय, कलह थी और एक नाराज पूर्व मुख्यमंत्री का तमाशा था, जो ठाणे शहर में अपने खुशहाल शिकारगाह से कुछ दूरी पर, सतारा में अपने गांव में शरण लिए हुए था। एकनाथ शिंदे, देवेन्द्र फडऩवीस के कहने पर अपनी पार्टी, शिव सेना से अलग हो गए और भाजपा का नेतृत्व करने के लिए सेना का अपना गुट बनाया। सलाहकार सरकार ने महसूस किया कि वह उस भूमिका में बने रहने के हकदार थे। लेकिन भाजपा ने अपने दम पर विधानसभा की 288 सीटों में से 132 सीटें हासिल कीं, जबकि उसके दो सहयोगी एस.एस. और एन.सी.पी. (अजित पवार गुट) को क्रमशः 57 और 41 सीटें मिलीं। एक कारक जिस पर भाजपा के साथ मजबूती से जुड़े लोगों को छोड़कर अधिकांश पंडितों ने ध्यान नहीं दिया, वह थी आर.एस.एस. द्वारा निभाई गई भूमिका। स्वयं सेवक विशेष रूप से भाजपा उम्मीदवारों और महायुति सहयोगियों की ओर से घर-घर जाकर चुपचाप प्रचार कर रहे हैं, और राज्य में अपने अभियान के दौरान मोदी द्वारा गढ़े गए नारे 'हम एक हैं तो सुरक्षित हैं' पर जोर दे रहे हैं। विदर्भ में भाजपा को लगभग पूर्ण सफलता इन प्रतिबद्ध और निस्स्वार्थ आर.एस.एस. के कारण ही हासिल हुई। स्वयंसेवक, जो अपने नेताओं के आदेश पर नागपुर से आए थे, उन्होंने अपनी क्षमता साबित की, जैसा कि उन्होंने कुछ महीने पहले हरियाणा में किया था। जब कुछ साल पहले उन्होंने शिव सेना और एन.सी.पी. में विभाजन करवाया था, तो फडऩवीस को उम्मीद थी कि उन्हें गद्दी पर बिठाया जाएगा। दिल्ली में उनकी पार्टी के नेताओं ने अन्यथा निर्णय लिया। एक अच्छे सिपाही की तरह फडऩवीस ने उनका फैसला स्वीकार कर लिया। चुनाव की जिम्मेदारी शिवसेना के शिंदे पर गिरी, जो बहुसंख्यक मराठा समुदाय से आने वाले नेतृत्व के सिद्ध गुणों वाले पूर्व रिक्शा चालक थे। एकनाथ शिंदे एक स्वीकार्य विकल्प साबित हुए। वह जनता के लिए सुलभ थे और सत्तारूढ़ गठबंधन में वरिष्ठ सांझेदार के साथ सहयोग करते थे। उन्होंने सोचा कि यह अगले 5 वर्षों के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने के लिए पर्याप्त हैं। लेकिन भाजपा के शीर्ष अधिकारी इस बार फडऩवीस को नजरअंदाज नहीं कर सके। फडऩवीस शिंदे से कहीं अधिक बुद्धिमान हैं और राजनीतिक चालें चलने की योजना बनाने में भी अधिक सक्षम हैं। वह 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री रहे और उस दौरान बेहद सफल रहे। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित किया और पुलिस स्टेशनों के दिन-प्रतिदिन के कामकाज में बहुत अधिक हस्तक्षेप नहीं किया, जैसा कि उनके पहले के कई गृहमंत्री करते थे।


# भारतीय संविधान में कलात्मकता

हमारा भारत देश संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का एक जीता-जागता अनुभव है। इसके इतिहास को सरल शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है। इससे भी अधिक कठिन है 5 हजार से अधिक वर्षों की सभ्यता के इतिहास को एक दस्तावेज के रूप में व्यक्त करना, जो देश की स्वतंत्रता के समय एक नए स्वतंत्र हुए राष्ट्र के भाग्य का मार्गदर्शन करने वाला हो। लेकिन आचार्य नंदलाल बोस केवल एक कलाकार नहीं थे और भारत के संविधान पर चित्रण उनके लिए केवल एक और कार्य नहीं था। संविधान में चित्रण के लिए उनकी दृष्टि हड़प्पा सभ्यता के समय से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक भारत की यात्रा का वर्णन करती है।

संविधान की शुरूआत हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के चित्रण से होती है। नंदलाल बोस इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि प्रतीक में शेर बिल्कुल असली शेरों की तरह दिखें, उनकी चाल और चेहरे के हाव-भाव सही हों और आयु के हिसाब से उनमें बदलाव हो। राष्ट्रीय प्रतीक के डिजाइनर दीनानाथ भार्गव, जो उस समय कला भवन में एक युवा छात्र थे, इस कलाकृति को चित्रित करने से पहले शेरों के हाव-भाव, शारीरिक भाषा और तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए महीनों तक कोलकाता चिडिय़ा घर गए। प्रस्तावना पृष्ठ और कई अन्य पृष्ठों को बेहर राममनोहर सिन्हा ने डिजाइन किया था।

संविधान की प्रस्तावना एक हाथ से लिखा हुआ लेख है जो आयताकार बॉर्डर से घिरा हुआ है। बॉर्डर के 4 कोनों में 4 पशुओं को दर्शाया गया है। दर्शाए गए 4 जानवर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के आधार से लिए गए हैं। बॉर्डर की कलाकृति में कमल की आकृति प्रमुखता से दिखाई देती है। कमल की आकृति बॉर्डर कलाकृति में प्रमुखता से दिखाई देती है। संविधान का प्रत्येक भाग एक चित्र से आरंभ होता है और अलग-अलग पृष्ठों पर अलग-अलग बॉर्डर डिजाइन दर्शाए गए हैं। कलाकारों के हस्ताक्षर चित्र पर और बॉर्डर के पास दिखाई देते हैं जो इस प्रोजैक्ट में सभी के सहयोग को दर्शाता है। अनेक पृष्ठों पर कई हस्ताक्षर हैं जो बंगाली, ड्क्षहदी, तमिल और अंग्रेजी में दिखाई देते हैं। भारत के संविधान के भाग-19 में विविध विषयों से संबंधित एक चित्र है जिसमें नेताजी सैन्य पोशाक में अपने सैनिकों से घिरे हुए सलामी दे रहे हैं। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्रण पर दिखाई देते हैं और ए. पेरूमल के हस्ताक्षर पृष्ठ के बाएं निचले कोने पर दिखाई देते हैं। वे कला को लोगों तक ले जाने वाले कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। संविधान का भाग-ङ्क्ष्ठ, जो प्रथम अनुसूची के भाग-ए में राज्यों से संबंधित है, ध्यान में बैठे भगवान महावीर की समृद्ध रंगीन चित्र से शुरू होता है, जिसमें वे अपनी आंखें बंद करके और हथेलियां एक-दूसरे पर टिकाकर बैठे हुए हैं।

यह मूल संविधान के कुछ रंगीन चित्रों में से एक है। रंगीन चित्रों में जमुना सेन और नंदलाल बोस के हस्ताक्षर हैं। इस पृष्ठ पर बॉर्डर डिजाइन में राजनीति नामक कलाकार के हस्ताक्षर भी हैं। भारतीय संविधान का भाग 15 चुनावों पर केंद्रित है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्रों में भारत के 2 वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोबिंद




सिंह को दिखाया गया है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्र धीरेंद्र कृष्ण देब बर्मन द्वारा बनाए गए हैं, जो त्रिपुरा राजघराने के सदस्य थे और रबींद्रनाथ टैगोर और नंदलाल बोस के साथ उनके घनिष्ठ संबंध थे।

बॉर्डर डिजाइन पर कृपाल सिंह शेखावत के हस्ताक्षर हैं, जो भारत के एक प्रसिद्ध कलाकार और मिट्टी के बर्तन बनाने वाले थे, जिन्हें जयपुर की प्रतिष्ठित ब्लू पॉटरी की कला को पुनर्जीवित करने के लिए जाना जाता है। संविधान में चित्रों की प्रेरणा भारत के विशाल इतिहास, भौतिक परिदृश्य, पौराणिक चित्र और स्वतंत्रता संग्राम में निहित है। भारत के संविधान का भाग 13 'भारतीय क्षेत्र में व्यापार, वाणिज्य और उनके परस्पर संबंधों' से संबंधित है।

इस पृष्ठ पर दिया गया चित्रण महाबलिपुरम में स्मारकों के समूह का हिस्सा है जो यूनेस्को द्वारा अंकित विश्व धरोहर स्थल है। 'गंगा का अवतरण' एक बड़ी, खुली हवा में बनी चट्टान की नक्काशी वाली मूर्ति है जो स्वर्ग से धरती पर गंगा नदी के उतरने की कथा को पत्थर में दर्शाती है। भाग 3 जो मौलिक अधिकारों से संबंधित है, उसमें रामायण का एक दृश्य दिखाया गया है। इस पृष्ठ के बॉर्डर पर जमुना सेन के हस्ताक्षर हैं। भाग 4 जो राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित है, उसमें महाभारत का एक दृश्य दिखाया गया है।

संविधान का भाग 7 'पहली अनुसूची के भाग बी में शामिल राज्यों' से संबंधित है। इस खंड की शुरूआत में दिए गए चित्रण में सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म के प्रसार को दर्शाया गया है। उन्हें हाथी पर सवार दिखाया गया है, जो सभी तरह के साज-सज्जा से सुसज्जित है और बौद्ध भिक्षुओं से घिरा हुआ है। यह चित्रण अजंता की शैली में है, जिसमें भिक्षुओं को शरीर के ऊपरी हिस्से को बिना वस्त्रों और आभूषणों के साथ दिखाया गया है। यह चित्रण नंदलाल बोस द्वारा किया गया था, जिनका काम अजंता भित्तिचित्रों में पाई जाने वाली कलात्मक परंपराओं से बहुत प्रभावित था। भारत का संविधान इस मायने में अनूठा है कि यह मूल रूप से एक हस्तलिखित दस्तावेज था। इसे अंग्रेजी में प्रेम बिहारी रायजादा और ड्क्षहदी में वसंत के. वैद्य ने सुलेखित किया था। भारत का संविधान एक मौलिक कला ग्रंथ है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है।

# सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत, स्कॉर्पियो पलटने से 3 की गई जान, विश्रामपुर-प्रतापपुर में दो ने तोड़ा दम





**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में 3 अलग-अलग सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह चंद्रपुर के पास नेशनल हाइवे-43 पर स्कॉर्पियो का टायर फट गया। गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। इसमें 2 महिला और एक पुरुष की मौके पर मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक पांचों लोग शादी में शामिल होने मनेंद्रगढ़ गए थे। वहां से अंबिकापुर लौट रहे थे। इसी दौरान सुबह-सुबह हादसे का शिकार हो गए। घायलों को तत्काल राहगीर और स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं विश्रामपुर और प्रतापपुर में एक-एक मौत हुई है।

**पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजाः** स्कार्पियो वाहन पलटने से आनंद चौधरी (28) निवासी झारसुगुड़ा ओडिशा, रीता चौधरी (46) दर्रीपारा, अंबिकापुर और पुष्पा माझी (40) निवासी एनटीपीसी कोरबा की मौत हो गई। दुर्घटना में अजय नाथ चौधरी (38) और अनिकेत चौधरी (10) को चोट आई है। पिता-पुत्र को जिला अस्पताल सूरजपुर से अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। वाहन में सवार दो अन्य महिलाएं सुरक्षित हैं।

वहीं कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के शिकार हुए स्कॉर्पियो सवार मनेंद्रगढ़ में शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे।

**सभी एयरबैग खुल गए, फिर भी नहीं बची जानः** पुलिस ने बताया कि सुबह-सुबह कोहरा और टायर फटने से गाड़ी पलटी है। हादसा इतना भयंकर था कि गाड़ी चकनाचूर हो गई है। सभी एयरबैग खुल गए हैं। इसके बाद भी 3 लोगों की जान नहीं बची। पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

**2 अलग-अलग हादसे में 2 लोगों की मौतः** वहीं विश्रामपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को कुचल दिया, जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। वहीं प्रतापपुर में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। चंद्रभान भस्कर पटेल प्रतापपुर के स्वास्थ्य केंद्र रामकोला में पदस्थ थे।

**रात में प्रदर्शन के बाद फिर सड़क पर उतरे परिजनः** हादसे के बाद स्थानीयों लोगों में आक्रोश का माहौल है। रात में मृतकों के परिजनों ने विश्रामपुर चौक पर करीब 2 घंटे प्रदर्शन किया। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की। इसके बाद दिन में भी परिजन सड़क पर उतरे और हंगामा किया।

**2 दिन पहले 4 दोस्तों की मौतः** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में कार और पिकअप के बीच भीषण भिड़ंत में 4 दोस्तों की मौत हो गई, जबकि 1 गंभीर रूप से घायल है, जिसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, सभी एयरबैग खुलने के बाद भी जान नहीं बच पाई। वहीं पिकअप के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना प्रतापपुर थाना क्षेत्र की है।

# टीचर की पत्नी ने बेटी संग लगाई फांसी

## स्कूल जाकर विवाद किया, रात में फंदे पर लटकी, तलाक के लिए चल रहा केस






**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** सरगुजा जिले के कुन्नी गांव स्थित स्कूल के पास मां-बेटी की लाश फंदे पर लटकती मिली है। जहां पास लाश मिली है, उसी स्कूल में पति टीचर है। दोनों के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। मामला लखनपुर थाना क्षेत्र के कुन्नी का है। जानकारी के मुताबिक मृतिका का नाम मीना गुप्ता (35) और बेटी आस्था गुप्ता (6) है। मीना गुप्ता के पति संजय गुप्ता हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ हैं। मां-बेटी, संजय गुप्ता से करीब तीन से अलग रह रहे थे।

**स्कूल पहुंचकर किया विवाद, रात में फांसी लगाईः** स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि मीना गुप्ता गुरुवार को पति संजय गुप्ता के स्कूल पहुंची थी। मीना गुप्ता ने अपना सामान ससुराल ग्राम झिंकी, बगीचा से लाने के लिए विवाद किया था। शिक्षकों के समझाने के बाद मीना गुप्ता वापस चली गई थी। विवाद के बाद देर रात बेटी के साथ फांसी लगा ली।

**तलाक और दहेज प्रताड़ना का मामला विचाराधीनः** शिक्षक संजय गुप्ता का 2017 में गुमगा, लखनपुर निवासी मीना गुप्ता के साथ विवाह हुआ था। 2018 में उनकी बेटी आस्था गुप्ता का जन्म हुआ। दोनों के बीच विवाद बढ़ा तो संजय गुप्ता ने पत्नी से तलाक के लिए 3 साल पहले परिवार न्यायालय में आवेदन दिया।

**पति से मारपीट करने का आरोपः** इसके बाद मीना गुप्ता ने संजय गुप्ता सहित परिवारजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज करा दिया। तलाक और दहेज प्रताड़ना दोनों प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। मीना गुप्ता पर आरोप है कि वो पति से पैसे मांगती थी, शॉपिंग के लिए दबाव बनाती और मारपीट करती थी।

कोर्ट के आदेश पर संजय गुप्ता प्रतिमाह जीवन निर्वाह भत्ता 7 हजार रुपए दे रहे थे। दोनों के लिए संजय गुप्ता ने कुन्नी में घर भी बनवाया था, जिसमें दोनों मां-बेटी रह रहे थे। बेटी का स्कूल और वैन की फीस भी शिक्षक संजय गुप्ता ही दे रहे थे।

बेटी के नाम पर सुकन्या योजना के तहत शिक्षक ने खाता भी खुलवाया था। संजय गुप्ता अंबिकापुर में रहकर कुन्नी स्कूल आना-जाना कर रहे थे।

**जांच में जुटी पुलिसः** लखनपुर थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने बताया कि शुरुआत जांच में मामला आत्महत्या का है। मामले की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। महिला ने कोई सुसाइड नोट छोड़ा है या नहीं, जांच के बाद पता चल सकेगा।

# अज्ञात वाहन ने ट्रक ड्राइवर को कुचला

## बिलासपुर-कोरबा एनएच पर हादसा, गाड़ी खड़ी करके नीचे उतरा था, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर-कोरबा नेशनल हाईवे में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ट्रक चालक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के पाली क्षेत्र के ग्राम उड़ागी निवासी अजित कुमार खुसरो (27) ट्रक ड्राइवर था। वह ट्रक क्रमांक सीजी 10एए1313 को लेकर निकला था। रतनपुर बाइपास रोड स्थित अंधियारीपारा में वह ट्रक खड़ी कर नीचे उतरा था।

**ट्रक से उतरते ही अज्ञात वाहन ने कुचलाः** अभी वह ट्रक से उतर कर किनारे पैदल चल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। इस हादसे में उसके पेट सहित नीचे का हिस्सा बुरी तरह से कुचल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**लाश देखकर लोगों ने पुलिस को दी सूचनाः** जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय वहां कोई नहीं था। कुछ देर बाद ढाबा के पास मौजूद लोगों ने खून से लथपथ शव को देखकर पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग टीम को घटना की जानकारी दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पुलिस मामले में केस दर्ज कर आरोपी चालक की जानकारी जुटा रही है।

## सुन्नी जामा मस्जिद मनेन्द्रगढ़ में मुतवल्ली चुनाव प्रक्रिया पर लगा रोक

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** सुन्नी जामा मस्जिद हनफिया गौसिया रजाए मुस्तफा कमेटी, मनेन्द्रगढ़, जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मुतवल्ली चुनाव से संबंधित मामले में बड़ा फैसला लिया गया है। उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र के आधार पर यह स्पष्ट किया गया है कि मौजूदा मुतवल्ली का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, और नए मुतवल्ली के चुनाव की प्रक्रिया को पहले ही बोर्ड द्वारा निरस्त कर दिया गया था।

इसी तारतम्य में 16 जनवरी 2025 को प्रस्तावित मुतवल्ली चुनाव आयोजन पर बोर्ड के आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई है।

# रांपा में जल जीवन मिशन ने बदला गोलू बैगा का भविष्य

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** मनेंद्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले के भरतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत रांपा का निवासी गोलू बैगा की यह कहानी जल जीवन मिशन की सफलता और आदिवासी समुदाय के जीवन में आए बदलाव का प्रतीक है। आदिवासी बैगा समाज जो वर्षों से अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करता रहा है, प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर इस समाज के लिए जल संकट एक गंभीर समस्या बना रहा था। गोलू बैगा जो पूरे दिन घरेलू कार्यों में व्यस्त रहा करता था, उसे पानी के लिए कई किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता था। यह कठिनाई न केवल उसके स्वास्थ्य और समय पर असर डाल रहा था, बल्कि उसके परिवार की सुख-शांति पर भी प्रभाव डाल रही थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के क्रांतिकारी सुशासन में जल जीवन मिशन योजना ने गोलू बैगा के जीवन में एक नई रोशनी ला रही है। केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार के नेतृत्व में इस योजना को ग्राम रांपा में लागू किया गया। इस योजना के तहत गोलू बैगा के घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुंचने लगा।

**गोलू बैगा के जीवन में आया बड़ा बदलावः** जल जीवन मिशन के तहत जब नल से शुद्ध पेयजल गोलू बैगा के घर तक पहुंचा, तो उसके जीवन में अद्भुत बदलाव आ रहा है। अब उसे पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ रहा है। पहले गोलू बैगा को समय से पानी लाने में तकलीफ हो रही थी और समय भी बर्बाद हो रहा था। अब वह इस समय का उपयोग कर अपने बच्चों की देखभाल खेती-बाड़ी और अन्य उत्पादक कार्यों में ध्यान लगा रहा है। गोलू बैगा ने बड़े ही उत्साह से बताया कि हमारे लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे घर के पास नल से शुद्ध पानी आएगा। अब न केवल हमें साफ पानी मिल रहा है, बल्कि इस शुद्ध पानी से मेरे परिवार की बीमारियां भी कम हो रहा हैं। बच्चों को पढ़ाई के लिए समय भी मिल रहा है, और हमारे घर की महिलाएं भी अब ज्यादा आत्मनिर्भर हो रही हैं।

गोलू बैगा ने आगे बताया कि मेरे घर में पेयजल संकट समाप्त होने से स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। दूषित पानी के कारण होने वाली बीमारियां, जो पहले गांव के लिए आम रहता था, अब लगभग खत्म हो चुका हैं। गोलू बैगा और उसके जैसे लोग अब बेहतर जीवन की कल्पना कर रहे हैं। उसका कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शिता और जनहितैषी सोच ने उसके सपनों को साकार किया है।

गोलू बैगा की कहानी यह बताती है कि कैसे सही नीतियां और योजनाएं समाज के सबसे पिछड़े वर्ग के जीवन को भी बदल सकती हैं। जल जीवन मिशन ने रांपा जैसे गांव को एक नई पहचान दी है। गोलू बैगा ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हमारे लिए जो किया है, उसके लिए हम हमेशा उनके आभारी रहेंगे। यह योजना हमारे जीवन में उम्मीद की नई किरण लेकर आ रही है। अब हमारा गांव खुशहाल है और हम एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

गोलू बैगा की यह कहानी न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रेरणा रही है। उसने कहा कि जब सरकार और समुदाय एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। जल जीवन मिशन के माध्यम से न केवल पानी की समस्या का समाधान हो रहा है, बल्कि यह योजना ग्रामीण विकास और सामाजिक प्रगति का आधार भी बन रहा है।

# भरतपुर ब्लॉक में 45 मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय के आम निर्वाचन के लिए भरतपुर ब्लॉक के 45 मास्टर ट्रेनर की जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर उमेश कुमार द्विवेदी एवं भक्तराज सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव 2024-25 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बैठक में पंचायत चुनाव प्रक्रिया, मतदाता पहचान, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं और तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा कर प्रशिक्षण दिया गया।

मास्टर ट्रनरों ने बताया कि भारत के संविधान के भाग-9 (क) के तहत पंचायत चुनाव प्रक्रिया को संचालित करने के लिए विभिन्न कानून और नियम बनाए गए हैं। इनमें छत्तीसगढ़ नगर पालिक अधिनियम 1956, छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961, छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 और अन्य संबंधित कानून शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने पीठासीन अधिकारियों और रिटर्निंग ऑफिसर्स के लिए विस्तृत मार्गदर्शिका देने के निर्देश दिए हैं। वहीं, कलेक्टर ने आगे कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति और जिम्मेदारियों पर विशेष जोर दिया गया है। उन्हें मतदान केंद्रों का चयन, सुरक्षा व्यवस्था, नामांकन प्रक्रिया और प्रतीकों का आवंटन सुनिश्चित करना है।

इसके साथ ही मतदान दलों का गठन, मतदान सामग्री का वितरण और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की जिम्मेदारी भी रिटर्निंग ऑफिसर की होगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों को अपने नामांकन पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र और आवश्यक कागजात जमा कराने के लिए निर्देश दिए हैं। वहीं, निर्वाचन व्यय की सीमा और उससे संबंधित जानकारी भी स्पष्ट रूप से दी जाएगी। सभी राजनीतिक दलों को प्रचार सामग्री के लिए पूर्व में अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। मतदान प्रक्रिया के लिए प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। जिसमें पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र का उपयोग होगा। मतदाता घूमते तीर के चिन्ह वाली रबर मोहर का उपयोग कर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतपेटियों के लिए गोदरेज और एमपी टाइप की पेटियों का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रवेश और निकासी मार्ग अलग-अलग रखे जाएंगे। हर मतदान केंद्र में दो मतदान कक्ष होंगे और पर्याप्त बिजली, पानी एवं शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई है। मतदान के बाद मतपेटियों को सील किया जाएगा और सभी अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतगणना होगी। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला सदस्य की मतगणना क्रमवार की जाएगी।

सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे चुनाव प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखें। कानून व्यवस्था से संबंधित किसी भी समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कलेक्टर ने सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और मास्टर ट्रेनरों को इस चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न करने के निर्देश दिए हैं।

## अवैध रेत एवं गिट्टी परिवहनकर्ताओं पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिला खनिज विभाग ने 5 दिसम्बर एवं 6 दिसम्बर 2024 को कार्रवाई करते हुए 3 ट्रेक्टर अवैध रेत एवं 01 ट्रेक्टर अवैध गिट्टी परिवहन करने वालों पर जब्त की कार्यवाही करते हुये, खनिज विभाग ने सभी ट्रैक्टरों को कलेक्टर परिसर में खनिज विभाग के अभिरक्षा में रखा गया है। अवैध परिवहनकर्ता के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 एवं छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 के तहत् कार्यवाही की जायेगी।

# 7 साल की बच्ची को रेपकर मार डाला

## पत्थर से कुचलकर रेलवे-ट्रैक पर फेंकी लाश, हाईकोर्ट ने फांसी को उम्र कैद में बदला



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में पड़ोसी ने 7 साल की बच्ची से रेप कर उसे मार डाला। बच्ची के सिर को पत्थर से कुचलकर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने इस केस में दोषी को फांसी की सजा सुनाई थी, जिसे अब हाईकोर्ट ने उम्र कैद में बदल दिया है।

केस की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच में हुई। इस दौरान डिवीजन बेंच ने कहा कि घटना भयानक और दर्दनाक है। ये जघन्य अपराध तो है पर इसे रेयर ऑफ रेयरेस्ट की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने दुष्कर्म और हत्या के दोषी दीपक बघेल की अपील को स्वीकार कर फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदलने का आदेश दिया है।

**क्या है पूरा मामलाः** दरअसल, कोतवाली थाना क्षेत्र में 28 फरवरी 2021 की रात करीब 8.30 बजे पड़ोसी दीपक बघेल झांकी दिखाने के बहाने अपने साथ बच्ची को ले गया था। बच्ची के साथ उसका 5 साल का भाई भी था। इस दौरान भाई को झांकी समारोह में छोड़कर दीपक बच्ची को अपने साथ रेलवे ट्रैक के किनारे ले गया।

इस दौरान बच्ची से दुष्कर्म किया। फिर उसके सिर पर पत्थर से वार कर कुचल दिया। हत्या के बाद लाश को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। ट्रेन गुजरने के कारण बच्ची की लाश क्षत-विक्षत हो गई थी।

**पुलिस ने दीपक बघेल को गिरफ्तार कियाः** दुष्कर्म और हत्या के केस में पुलिस ने दीपक बघेल के खिलाफ धारा 363, 366, 376 2एफ, 376 (2) (1), 302 और 201 और पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। उसके खिलाफ साक्ष्य जुटाकर गिरफ्तारी की गई। फास्ट-ट्रैक कोर्ट में पुलिस ने दीपक बघेल के खिलाफ चालान पेश किया।

**फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दीपक को दी फांसी की सजाः** पुलिस की चार्जशीट पेश होने के बाद फास्ट-ट्रैक कोर्ट में गवाहों का बयान दर्ज किया गया। नाबालिग बच्ची के साथ हुई हत्याकांड का ट्रायल महज 8 महीने में ही पूरा कर लिया गया। एफटीसी ने दीपक बघेल पर दोष सिद्ध किया। एफटीसी ने इस अपराध को रेयर ऑफ रेयरेस्ट श्रेणी का माना। रेपिस्ट दीपक बघेल को फांसी की सजा सुनाई गई।

# बस यात्रियों के समस्याओं को दूर करने परिवहन सचिव से की मुलाकात : डोमरू रेड्डी



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी निप्र।** कोरोना के समय यात्री बसों में यात्रा करने को लेकर सोशल डिस्टेंस के नाम पर बसों में एक भरे सीट के बगल वाले खाली सीट का भी किराया वसूलने के साथ ही यात्री बसों में किये जाने वाले माल ढुलाई की तात्कालीन व्यवस्था को बस संचालकों ने नियमित कर लिया है, जिससे यात्रियों को विभिन्न समस्याओं से दो - चार होना पड़ता है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न कोनों में इस समय बसों में अनिवार्य रूप से लगने वाले किराया सूची का भी कहीं कोई अता - पता नहीं है। रेल सुविधा से वंचित बहुतायत क्षेत्रों में प्रदेश के आम एवं आर्थिक रूप से कमजोर गरीब तबके वाले नागरिकों के यात्रा के लिए प्रमुख साधन के रूप में प्रयोग किये जाने वाले इस बस सेवा के व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग की गई है।

यात्री बसों में बरते जा रहे इन अनियमितताओं से यात्रियों को होने वाले व्यवहारिक समस्याओं से रूबरू कराते हुए चिरमिरी नगर निगम के पूर्व महापौर के. डोमरू रेड्डी ने मंत्रालय में छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन सचिव एस. प्रकाश से मुलाकात कर, इन समस्याओं के निराकरण की मांग रखी है। रेड्डी ने कहा है कि चूंकि बस गरीब नागरिकों के सुलभ यात्रा का प्रमुख साधन है, इसलिए इनमें आ रही ऐसी दिक्कतों का निराकरण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आम नागरिकों के सुविधाओं के लिए ध्यानाकर्षित कराने वाले इन विषयों को सचिव साहब ने गंभीरता से लिया है और शासन के दिशा निर्देशों के तहत यथोचित कार्यवाही करने हुए समस्याओं का समाधान करते हुए, आम नागरिकों के लिए मिलने वाले सुविधाओं को सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

पूर्व महापौर ने शासन का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा है कि कोरोना काल मे यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए पहले बस संचालकों ने यात्रियों से खाली सीट का भी पैसा वसूल किया और बाद में कोरोना के हट जाने के बाद भी उसी बढ़े हुए किराये के अनुपात में आज भी किराया बसूला जा रहा है, जिस ओर न तो विभाग का ध्यान है और न ही शासन के जनप्रतिनिधियों का। पत्र में कहा गया है कि हमारे प्रदेश के सड़क मार्ग से यात्री बसों में प्रतिदिन लाखों की संख्या में सफर कर रहे आम नागरिकों से बस परिचालन में लगे व्यवस्थापकों के द्वारा खुलेआम लूट किया जा रहा है, जिसे रोका जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बताया है कि बिना किराया सूची के बेधड़क चलाने वाले बसों में किराया सूची लगाया ही नहीं गया है और आज कल तो बसों को व्यावसायिक उपयोग वाले समान ढोलाई का प्रमुख साधन बना लिया गया है, नियम कानूनों की परवाह किये बगैर, बेधड़क रूप से परिवहन किये जा रहे हैं और इसे देखने वाला कोई नहीं है। इसमें टायर, मोटर पार्ट्स सहित बड़े - बड़े बण्डल लाये ले जाये जा रहे हैं। कई बार तो यात्रियों के समान को रखने तक के लिए डिक्की में जगह नहीं बचती और सामान उतारने चढ़ाने की हड़बड़ी के दौरान सड़क किनारे चल रहे दूसरे वाहनों व राहगीरों को नुकसान होते - होते भी रह जाता है। परिणामस्वरूप कई बार यात्री और बस कंडक्टरों के बीच कहासुनी भी होती रहती है।

रेड्डी ने कहा है कि परिवहन सचिव से हुई बातचीत काफी सकारात्मक रही है और किराया सूची लगाने सहित बसों के रूट चार्ट के डिजिटलाईजेशन को लेकर प्रदेश सरकार नए एप लाने की तैयारी कर रही है, जिससे किस रूट में किस - किस समय कौन - कौन सी बस है, क्या किराया है, ये सब की जानकारी मोबाइल पर ही यात्रियों को मिल सकेगी।

# महाकुंभ के समय सारनाथ एक्सप्रेस कैंसिल


## बिलासपुर में विरोध शुरू, कहा- छत्तीसगढ़ के लाखों यात्रियों के साथ अन्याय, बहाली की मांग

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ से यूपी को जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 76 दिनों के लिए कैंसिल करने के रेल प्रशासन के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि जब मौसम विज्ञानी 7 दिनों से अधिक के मौसम की भविष्यवाणी नहीं कर पाते तब रेल प्रशासन का कोहरा छाने का तर्क देकर सारनाथ एक्सप्रेस को एकमुश्त 76 दिनों के लिए कैंसिल करना गले से नीचे नहीं उतर रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि रेल प्रशासन ने ऐसे समय यह फैसला लिया है, जब प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियां चल रही हैं। बता दें कि प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन होना है। रेल प्रशासन महाकुंभ के लिए तो अनेक स्पेशल ट्रेनें चला रहा है, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के लाखों यात्रियों के लिए असुविधा होगी। इसलिए इसका विरोध शुरू हो गया है।

# मोदी बोले-पहले की सरकारों ने नॉर्थ-ईस्ट को वोटों से तौला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पहले की सरकारों ने नॉर्थईस्ट के विकास पर ध्यान नहीं दिया, क्योंकि नॉर्थईस्ट के पास वोट कम थे और यहां सीटें कम थीं। अटल जी की सरकार के दौरान नार्थईस्ट के विकास के लिए अलग मंत्रालय बनाया गया था। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों ने पिछले दशक में पूर्वोत्तर की 700 यात्राएं कीं। हम पूर्वोत्तर को इमोशन, इकॉनमी और इकोलॉजी की त्रिमूर्ति से जोड़ रहे हैं। पिछले 10 सालों के दौरान हमने पूर्वोत्तर के साथ दिल्ली और दिल के अंतर की भावना को कम करने की कोशिश की है।

पीएम मोदी ने ये बातें दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजन तीन दिन के अष्टलक्ष्मी महोत्सव% के उद्घाटन पर कहीं। इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर राज्यों सांस्कृतिक विरासत दिखाई जाएगी। पीएम ने कहा कि अष्टलक्ष्मी महोत्सव अपनी तरह का पहला और अनोखा आयोजन आयोजन है। आज इतने बड़े स्तर पर नॉर्थईस्ट में निवेश के द्वार खुल रहे हैं, ये नॉर्थईस्ट के किसानों, कारीगरों और शिल्पकारों के साथ-साथ दुनियाभर के निवेशकों के लिए भी बेहतरीन मौका है। हमने बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई जैसे बड़े शहरों को उभरते देखा है। आने वाले दशकों में हम अगरतला, गुवाहाटी, गंगटोक, आइजोल, शिलांग,



ईटानगर, कोहिमा जैसे शहरों की शक्ति देखेंगे। इसमें अष्टलक्ष्मी जैसे आयोजनों की बहुत बड़ी भूमिका होगी। नॉर्थ ईस्ट में अनेक ऐतिहासिक शांति समझौते हुए हैं। राज्यों के बीच भी जो सीमा विवाद थे, उनमें भी काफी सौहार्दपूर्ण ढंग से प्रगति हुई हैं। नॉर्थईस्ट में हिंसा के मामले में कमी आई हैं। अनेक जिलों से स्नस्क्क को हटाया जा चुका है। हमें मिलकर अष्टलक्ष्मी का नया भविष्य लिखना है, इसके लिए सरकार हर कदम उठा रही है। पूर्वोत्तर भारत में नेचुरल रिसोर्सेस बहुत हैं। पूर्वोत्तर में खनिज, तेल और जैव विविधता का अद्भुत संगम है। यहां रिन्यूएबल एनर्जी की अपार संभावनाएं हैं। पूर्वोत्तर प्राकृतिक खेती और बाजरे के लिए प्रसिद्ध है। हमें गर्व है कि सिक्किम पहला ऐसा राज्य है जो जैविक खेती करता है। क्या है अष्टलक्ष्मी महोत्सव? असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम ऐसे राज्य हैं जिन्हें %अष्टलक्ष्मी% या समृद्धि के 8 रूप कहा जाता है। ये भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अष्टलक्ष्मी महोत्सव में नॉर्थईस्ट के पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि उत्पाद और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने का कॉन्सेप्ट रखा गया है। तीन दिन के इस महोत्सव में कई तरह के कार्यक्रम होंगे। कारीगरों की प्रदर्शनियां, ग्रामीण हाट, राज्य-विशिष्ट मंडप और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए अहम क्षेत्रों पर टेक्निकल सेशन भी होंगे।

## बेंगलुरु में लिंगायत संत की मूर्ति तोड़ी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु में पार्सल डिलीवरी करने वाले एक युवक ने लिंगायत संत शिवकुमार स्वामी की मूर्ति खंडित कर दी। उसने मूर्ति के सिर पर बड़ा छेद कर दिया। मूर्ति तोड़ने वाले 37 साल के श्रीकृष्णा ने बताया कि मेरे सपने में जीसस क्राइस्ट आए थे, उन्होंने मूर्ति तोड़ने के लिए कहा। इलाके के लोगों को जब मूर्ति टूटने का पता चला तो उन्होंने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार किया। पार्सल डिलीवर करने गया था युवक मूर्ति तोड़ने वाला युवक 30 नवंबर को वीरभद्र नगर में रात 1¬30 बजे पार्सल की डिलीवरी करने पहुंचा था। यहां उसने एक हथौड़े से शिवकुमार स्वामी की मूर्ति तोड़ी। आवाज आने पर आसपास के रेस्टोरेंट वाले बाहर आए। लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकला। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। आरोपी की मानसिक जांच कराई आरोपी को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उसकी मानसिक जांच कराई। इसकी रिपोर्ट अभी आनी है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है।

# नीतिगत दरें 11वीं बार यथावत, सीआरआर में कमी से तंत्र में 1.16 लाख करोड़ का इजाफा

**मुंबई( एजेंसी )।** चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में आयी शिथिलता और खुदरा महंगाई में हाल की तेजी पर कड़ी नजर रखते भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को लगातार 11वीं बार नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर को यथावत रखने का फैसला किया जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है। हालांकि नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 0.5 प्रतिशत कम करके 4 प्रतिशत कर दिया है जिससे बैंकिंग तंत्र में 1.16 लाख करोड़ रुपये आ गया है। मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार की वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया और यह अभी भी इसी स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद चालू वित्त वर्ष की पांचवी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि एमपीसी ने मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। समिति के छह में से चार सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और मौद्रिक नीति के रूख को न्यूट्रल रखने का निर्णय लिया गया है। समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है जबकि नकद आरक्षित अनुपात को 4.5 प्रतिशत से कम कर 4.0 प्रतिशत कर दिया गया है इससे बैंकिंग तंत्र में 1.16 लाख करोड़ रुपये आ गये हैं। उन्होंने कहा कि सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि अनुमान को पहले के 7.2 प्रतिशत से कम कर 6.6 प्रतिशत किया गया है। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही 6.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी गयी है।। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 6.9 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। श्री दास ने कहा एमपीसी ने नोट किया कि अक्टूबर नीति के बाद से भारत में निकट अवधि की मुद्रास्फीति और विकास परिणाम कुछ हद तक प्रतिकूल हो गए हैं। हालांकि, आगे चलकर, रिजर्व बैंक के सर्वेक्षणों में परिलक्षित व्यापार और उपभोक्ता भावनाओं में वृद्धि के साथ-साथ आर्थिक गतिविधि में सुधार होने की संभावना है। मुद्रास्फीति में हाल ही में हुई वृद्धि मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण और अपेक्षाओं पर कई और अतिव्यापी झटकों के निरंतर जोखिमों को उजागर करती है। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और वित्तीय बाजार में अस्थिरता ने मुद्रास्फीति के लिए और अधिक जोखिम बढ़ा दिया है। उच्च मुद्रास्फीति ग्रामीण और शहरी दोनों उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को कम करती है और निजी खपत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। एमपीसी ने जोर दिया कि उच्च विकास के लिए मजबूत नींव केवल टिकाऊ मूल्य स्थिरता के साथ ही सुरक्षित की जा सकती है। एमपीसी अर्थव्यवस्था के समग्र हित में मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। तदनुसार, एमपीसी ने इस बैठक में नीति रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। एमपीसी ने मौद्रिक नीति के तटस्थ रुख को जारी रखने का भी निर्णय लिया क्योंकि यह अवस्फीति और विकास पर प्रगति और दृष्टिकोण की निगरानी करने और उचित रूप से कार्य करने के लिए लचीलापन प्रदान करता है। एमपीसी स्पष्ट रूप से लक्ष्य समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत नीति रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है। इसके परिणामस्वरूप, स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 6.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बनी हुई है और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर 6.75 प्रतिशत पर बनी हुई है। एमपीसी ने तटस्थ मौद्रिक नीति रुख को जारी रखने और विकास का समर्थन करते हुए लक्ष्य के साथ मुद्रास्फीति के टिकाऊ संरेखण पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करने का भी निर्णय लिया।

# यूपी का हाशिमपुरा नरसंहार, 10 दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ट्रायल कोर्ट ने घटना के करीब 28 साल बाद 2015 में फैसला सुनाते हुए सभी आरोपियों को सबूतों की कमी के आधार पर बरी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के हाशिमपुरा नरसंहार मामले में 10 दोषियों को जमानत दे दी। मामला साल 1987 का है। यूपी के प्रॉविंशियल आर्म्ड कॉन्स्टब्युलरी के अफसरों और जवानों ने करीब 35 लोगों को गोली मार दी थी। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने पेश सीनियर एडवोकेट अमित आनंद तिवारी ने दलील दी कि दिल्ली हाईकोर्ट ने गलत तथ्यों के आधार पर ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटा था। ट्रायल कोर्ट ने घटना के करीब 28 साल बाद 2015 में फैसला सुनाते हुए सभी आरोपियों को सबूतों की कमी के आधार पर बरी कर दिया था। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने 2018 में 16 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। एडवोकेट तिवारी ने तर्क दिया कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, लेकिन सभी 2018 से जेल में हैं। इस वजह से उन्हें जमानत दी जाए।

# हंगामे के कारण नहीं चली लोकसभा की कार्यवाही

**नयी दिल्ली( एजेंसी )।** लोक सभा में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशिकांत दुबे के विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं अमेरिकी व्यवसायी जॉर्ज सोरोस को लेकर की टिप्पणी पर विशेषाधिकार हनन नोटिस के बावजूद श्री दुबे को को बोलने देने के विरोध में कांग्रेस सदस्यों ने आज हंगा किया जिसके बाद सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी।




दोपहर 12 बजे सदन के पुन¬ समवेत होने पर पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाये। इसके बाद श्री सैकिया ने कहा कि गुरुवार को शून्य काल के दौरान श्री दुबे के वक्तव्य के कुछ अंश रह गये थे, वह उन्हें पूरा करना चाहते हैं। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने इसके लिये श्री दुबे का नाम पुकारा। श्री दुबे ने कहा कि श्री गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के लिये अमेरिकी उद्योगति जार्ज सोरोस के संगठनों ने धन उपलब्ध कराया था। इसी के साथ उन्होंने नारा लगाया, कांग्रेस का हाथ, सोरोस के साथ। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी शोरगुल किया। श्री दुबे के इतना कहने के साथ के ही कांग्रेस सदस्यों ने शोरगुल शुरू कर दिया। कांग्रेस सदस्य सदन के बीचोबीच आकर शोरगुल करने लगे। कांग्रेस के सदस्यों का कहना था कि जब श्री दुबे के खिलाफ उन्होंने विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है, तो उसे स्वीकार करने या नहीं करने का निर्णय लेने की बजाय पुन¬ श्री दुबे को उसी मुद्दे पर बोलने के लिए अनुमति देना, सरासर गलत है। हंगामा बढ़ते देखकर श्री सैकिया ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी।

# सुप्रीम कोर्ट का ड्रग्स के आरोपी को जमानत से इनकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ड्रग्स के मामले के आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया। इसके लिए जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने नार्कोस और ब्रेकिंग बैड वेब सीरीज का हवाला दिया। सुनवाई के दौरान आरोपी के वकील ने बेंच से कहा- नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्स्टांसेस एक्ट के मामले में गिरफ्तार व्यक्ति समाज के लिए कोई बड़ा खतरा नहीं है, उसकी गिरफ्तारी गलत है। इस पर बेंच ने कहा- इस तरह के ड्रग्स सिंडिकेट देश के युवाओं को मार रहे हैं। जस्टिस शर्मा ने कहा, मैं आपसे (आरोपी के वकील) पूछता हूं, आपने नार्कोस देखी होगी? बहुत मजबूत सिंडिकेट, शायद ही कभी पकड़ा जाता है। एक और फिल्म जो जरूर देखनी चाहिए, वो ब्रेकिंग बैड। आप इन लोगों से नहीं लड़ सकते जो सचमुच इस देश के युवाओं को मार रहे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 4 अक्टूबर के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ की गई अपील पर सुनवाई की। जिसमें हाईकोर्ट ने आरोपी को जमानत देने से इनकार किया था। उसे इसी साल अप्रैल में 73.80 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ पकड़ा गया था।

# मणिपुर को लेकर दिया मोदी को ज्ञापन

**नयी दिल्ली ( एजेंसी )।** मणिपुर कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मणिपुर का दौरा करने का आग्रह करते हुए शुक्रवार को कहा कि करीब डेढ साल से मणिपुर जल रहा है,लाखों लोग हिंसा के शिकार हो चुके हैं लेकिन उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है, इसलिए प्रधानमंत्री को वहां जाना चाहिए और यदि समय नहीं हो तो इस मामले में सर्वदलीय बैठक बुलाएं। मणिपुर कांग्रेस के अध्यक्ष एवं विधायक के मेघचंद्रसिंह और मणिपुर में इंडिया समूह से संबद्ध 10 राजनीतिक दलों के संयोजक क्षेत्रमयूम शांता के नेतृत्व में प्रदेश के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज यहां श्री मोदी को ज्ञापन सौंपा और कहा कि मणिपुर पिछले वर्ष तीन मई से जल रहा है। वहां के पीड़ित लोगों के घावों पर मलहम लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी को इस माह के अंत तक मणिपुर का दौरा करना चाहिए या इस मामले में अपने आवास या कार्यालय पर तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलाना चाहिए। प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपने से पहले श्री मेघचंद्रसिंह, श्री क्षेत्रमयूम शांता तथा प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्यों ने आज यहां विजय चौक पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मणिपुर जल रहा है लेकिन केंद्र सरकार उसकी सुध नहीं ले रही है।

राज्य सरकार पूरी तरह से केंद्र सरकार के नियंत्रण में है लेकिन केंद्र और राज्य सरकार कोई भी मणिपुर को जलाने से बचाने के लिए काम नहीं कर रहे हैं।उन्होंने कहा,मणिपुर के लोग अपनी आवाज आप तक पहुंचाना चाहते हैं, इसलिए डेढ़ साल से आपका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## 70वीं बीपीएससी में लागू नहीं होगा नॉर्मलाइजेशन

**पटना (एजेंसी)।** बीपीएससी 70वीं परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू नहीं किया जाएगा। ये जानकारी बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई ने दी है। उन्होंने कहा, बीपीएससी 71वीं परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू किया जाएगा। इस पर विचार किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अभ्यर्थी किसी के बहकावे में नहीं आएं। वहीं, पुलिस ने खान सर को बीपीएससी ऑफिस जाते समय हिरासत में ले लिया है।

# ईदगाह में जलाभिषेक करने जा रही मीरा राठौर को पुलिस ने रोका

**मथुरा (एजेंसी)।** बाबरी विध्वंस की बरसी पर शुक्रवार को मथुरा स्थित शाही मस्जिद ईदगाह में जलाभिषेक करने जा रही अखिल भारत हिन्दू महासभा ( महिला मोर्चा) आगरा मीरा राठौर को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। अखिल भारत हिन्दू महासभा ( महिला मोर्चा) आगरा मीरा राठौर अपने साथ यमुना जल एवं लड्डू गोपाल को लेकर शाही मस्जिद ईदगाह की ओर



जा रही थी। पुलिस अधीक्षक नगर अरविन्द कुमार ने बताया कि उसे रास्ते में ही रोक दिया गया था तथा उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी को भी नई परंपरा करने की इजाजत नही दी जाएगी । जिन लोगो ने आज इस प्रकार के कुछ कार्यक्रम करने की योजना बनाई थी उनसे बात हो गई है और उन्होंने अपने कार्यक्रम स्थगित कर दिये हैं। उन्होने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं तथा पूरे क्षेत्र को सुपर जोन, जोन तथा सेक्टर में बांट दिया गया है।

# लखनऊ से दिल्ली जा रही बस पलटी, 8 की मौत



**कन्नौज ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में शुक्रवार दोपहर डबल डेकर बस आगरा एक्सप्रेस-वे पर खड़े वाटर टैंकर से टकराकर पलट गई। हादसे में 8 लोगों की मौके पर मौत हो गई। मरने वालों में लखनऊ के पति-पत्नी भी हैं। लगभग 38 यात्री घायल हुए। हादसे के बाद कई सवारियां बस के नीचे दब गईं। बस लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। हादसा सकरावा और सौरिख थाने के बीच माइल स्टोन-141 के पास हुआ। हादसे के बाद तेज धमाके की आवाज आई। एक साइड से पूरी बस खत्म हो गई। तेज झटके के साथ लोग सड़क पर गिर गए। जब बस पलटी तो लोग उसके नीचे दब गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर भी कई मीटर घिसटने के बाद पलट गया। जब ये हादसा हुआ तब, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला एक्सप्रेस-वे से गुजर रहा था। हादसा देखकर वो मौके पर रुक गए। पुलिसकर्मियों को जल्द घायलों को अस्पताल पहुंचाने को कहा। हादसे के घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अखिलेश यादव ने हादसे पर कहा- भाजपा सरकार पिछली सरकार में बनी सड़कों के प्रति बैर भाव रखती है। जिसका खामियाजा जनता को अपनी जान देकर चुकाना पड़ता है।

# महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र 7 दिसंबर से

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र 7 दिसंबर से शुरू होने वाला है। नई सरकार के गठन के बाद भाजपा विधायक कालिदास कोलंबकर शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर होंगे। नौ बार विधायक रह चुके कोलंबकर को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दोपहर 1 बजे राजभवन में शपथ दिलाई। प्रोटेम स्पीकर बनने के बाद कोलंबकर विधासनसभा सत्र के पहले दिन 288 नव-निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। साथ ही 9 दिसंबर को 15वीं विधानसभा के लिए अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। इसके बाद सीएम फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। इससे पहले 5 दिसंबर को देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदेङ्कअजित पवार ने उप मुख्यमंत्री की शपथ ली। 23 नवंबर को चुनाव परिणाम आने के 13वें दिन महाराष्ट्र सीएम का शपथ ग्रहण हो सका। काफी मान-मनौव्वल के बाद डिप्टी सीएम पद स्वीकार करने वाले शिंदे महाराष्ट्र के दूसरे ऐसे नेता बने, जो सीएम से डिप्टी सीएम बने।

एनसीपी नेता अजित पवार छठी बार डिप्टी सीएम बने। वे कांग्रेस, महायुति और



महाविकास अघाड़ी सरकार में डिप्टी ष्टरूरहने वाले महाराष्ट्र के पहले नेता बन गए हैं।

मुख्यमंत्री का चार्ज लेने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले मंत्रियों की शपथ हो जाएगी और उनके पोर्टफोलियो दे दिए जाएंगे। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता विपक्ष का पद दिया जाएगा या नहीं, यह स्पीकर तय करेंगे। हमारे रोल बदले हैं, हमारी दिशा नहीं बदली। मंत्रिमंडल तय हो चुका है। इसमें ज्यादा बदलाव नहीं होंगे।

# चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर आईसीसी की मीटिंग फिर हुई स्थगित

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर विवाद थम नहीं रहा है। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर आईसीसी गुरुवार को फैसला करने वाला था लेकिन एक बार फिर से मीटिंग स्थगित हो गई है। शनिवार को मीटिंग में अंतिम निर्णय आने की उम्मीद है। आईसीसी ने दोबारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने के लिए कहा है। रिपोर्ट के मुताबिक पीसीबी जल्द ही बोर्ड के सामने अपना अंतिम फैसला बताएगा। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से कहा था कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने को तैयार है लेकिन विश्व संस्था को 2031 तक भारत में होने वाले टूर्नामेंट के लिए भी यही व्यवस्था अपनाने की अनुमति देनी होगी। हालांकि, बीसीसीआई ने पीसीबी की इस शर्त का कड़ा विरोध किया है। आगामी चैंपियंस ट्रॉफी को शुरू होने में 100 दिन से भी कम बचे हैं लेकिन शेड्यूल का ऐलान नहीं हो सका है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को जल्द से जल्द अपना फैसला बताना होगा, वहीं बोर्ड के पास ज्यादा विकल्प भी नहीं है। पीसीबी ने पहले टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी थी जिससे ये प्रस्ताव थोड़ा नरमी भरा है। उसने कहा था कि अगर उसे मेजबानी के पूर्व अधिकार नहीं दिए गए और भारत की तटस्थ स्थल की मांग स्वीकार कर ली गई तो वह टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगा।

# एडिलेड में टीम इंडिया की जीत-हार डब्ल्यूटीएस पॉइंट्स टेबल पर पड़ेगा बड़ा असर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। ये पिंक बॉल टेस्ट मैच दूधिया रोशनी में खेला जा रहा है। वहीं ये मैच टीम इंडिया के लिए कई मायनों में खास होने वाला है। टीम इंडिया किसी भी हाल में इस टेस्ट मैच को जीतना चाहेगी। वहीं अगर भारत को हार झेलनी पड़ती है तो उसके सिर से नंबर-1 का ताज छिन जाएगा। साथ ही इसका डब्ल्यूटीएस पॉइंट्स टेबल पर असर पड़ेगा।

डब्ल्यूटीएस फाइनल की रेस में फिलहाल तीन टीमें हैं। लिस्ट में भारत 61.11 प्रतिशत अंकों के साथ पहले, 59.26 प्रतिशत अंकों के साथ साउथ अफ्रीका दूसरे और 57.69 प्रतिशत अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर हैं।

एडिलेड में पिछली बार जब भारतीय टीम ने डे-नाइट टेस्ट खेला था तो पूरी टीम महज 36 रनों पर सिमट गई थी। लेकिन अब टीम इंडिया को उन बुरी यादों को इस बार जीत में तब्दील करके खुद को साबित करना होगा। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम की नजरें टीम इंडिया के पुरानें जख्मों को हरा करना होगा। टीम इंडिया फिलहा 61.11 प्रतिशत अंकों के साथ पहले पायदान पर है। अगर भारत को एडिलेड में हार का सामना करना पड़ता है तो वह सीरीज में अपनी बढ़त गंवा देगी साथ ही डब्ल्यूटीएस पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 का ताज छिन सकता है। एडिलेड टेस्ट में हार के साथ भारत के खाते में 57.29 प्रतिशत अंक ही रह जाएंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खाते में 60.71 प्रतिशत अंक हो जाएंगे और उनके पास नंबर-1 बनने का मौका होगा।

लेकिन अगर टीम इंडिया एडिलेड में भी जीत दर्ज करती है तो सीरीज में 2-0 की बढ़त तो बना ही लेगी साथ ही डब्ल्यूटीएसपॉइंट टेबल में अपनी बादशाहत बरकरार रखेगा। कंगारुओं को दूसरे टेस्ट में हराने के बाद उनके खाते में 63.54 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खाते में 53.57 प्रतिशत अंक ही रह जाएंगे।



# अनुष्का शुर्मा ने बताया विराट की फिटनेस का राज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली जितने ज्यादा मैदान पर अपने प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं उतने ही फिटनेस के लिए भी जाने जाते हैं। बेस्ट फिटनेस के तौर पर अक्सर विराट कोहली का नाम लिया जाता है। उनकी जैसी बॉडी और पर्सनालिटी हर कोई पाना चाहता है। 35 की उम्र में भी वह काफी फिट और यंग दिखते हैं। विराट कोहली की फिटनेस को हासिल करना हर किसी का ख्वाब होता है। इसके लिए टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी खूब पसीना बहाते हैं कड़ी मेहनत करते हैं। इस उम्र में उनकी फिटनेस का क्या राज है इसका खुलासा उनकी पत्नी और बॉलीवुड स्टार अनुष्का शर्मा ने किया है। विराट कोहली कई लोगों की प्रेरणा हैं। अनुष्का शर्मा ने बताया कि विराट अपनी हेल्थ और पर्सनालिटी के लिए बहुत सजग हैं और वह अपनी दैनिक दिनचर्या का सख्ती से पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि, विराट अपनी सेहत के लिए डिसिप्लिंड हैं। व रोज सुबह उठकर कार्डियो करते हैं और हर रोज मेरे साथ क्रिकेट प्रैक्टिस करते हैं। उनका खान-पान बहुत साफ सुथरा है। वह जंक फूड बिलकुल भी नहीं खाते वा शकर या ड्रिंक्स लेते हैं। उन्होंने 10 साल से बटर चिकन नहीं खाया है। अनुष्का ने आगे बताया कि, वह नींद से समझौता नहीं करते और इस बात का ख्याल रखते हैं कि उन्हें पूरा आराम मिले ताकी वह अपने काम और खेल में अच्छे से फोकस कर सकें। उनकी फिटनेस के लिए कमिटमेंट ही दिखाता है कि वह दुनिया के टॉप खिलाड़ी बने हुए हैं।

# एडिलेड टेस्ट मैच पर बारिस का साया?

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और ऑस्ट्रेलियाई टीम 10 दिन के ब्रेक के बाद एक बार फिर आमने-सामने होगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड में खेला जाएगा। भारत ने पर्थ में जीत हासिल की थी जिसके बाद वह सीरीज में 1-0 से आगे है। अब उसकी नजर एडिलेड टेस्ट पर है जिसे जीतकर वह इस सीरीज में बढ़त हासिल करने पर होगी। जबकि ऑस्ट्रेलिया इस मैच से सीरीज में वापसी करना चाहेगी। पिच क्यूरेटर डेमियम हॉफ ने एडिलेट टेस्ट की पिच को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि पिच पर 6 मिमी घास होगी, जहां तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। गेंद स्विंग और सीम करेगी। हालांकि, क्यूरेटर ने ये भी कहा कि वह बैलेंस विकेट बनाना चाहते हैं ताकि बल्लेबाज और गेंदबाज को समान फायदा मिले। भारत ने 2020 में यहां पिंक बॉल टेस्ट खेला था जब भारत 36 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गया था। पिच पर मौसम का भी असर होगा। एडिलेड टेस्ट पर काले बादल भी मंडरा रहे हैं। मैच के पहले दिन बारिश की संभावना है। एक्यूवेदर के अलावा पिच क्यूरेटर का भी कहना है कि पहले दिन आंधी-तूफान के कारण खेल में खलल पड़ सकता है।


# अल-साद ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल-नासर को हराकर प्लेऑफ में बनाई जगह



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अल-साद ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे सऊदी अरब के क्लब अल-नासर को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बना ली है। दरअसल, अल-नासर पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था इसलिए उसने पिछले तीन मैच में पांच गोल करने वाले रोनाल्डो को इस मैच में आराम दिया था। लाइव खेल ऑनलाइन देखेंलाइव फुटबॉल ऑनलाइन देखें कतर के क्लब अल-साद ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे सऊदी अरब के क्लब अल-नासर को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बना ली है। दरअसल, अल-नासर पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था इसलिए उसने पिछले तीन मैच में पांच गोल करने वाले रोनाल्डो को इस मैच में आराम दिया था। इस दिग्गज फुटबॉलर ने बाहर बैठकर यह मैच देखा। अल-साद ने मध्यांतर के 8 मिनट बाद अकरम अफीफ के गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली। निर्धारित समय का खेल समाप्त होने में जब केवल 10 मिनट का समय बचा था तब रोमेन सैस ने आत्मघाती गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। कतर की टीम को हालांकि इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली जिसे अल्जीरिया के एडम ओनास ने गोल में बदल दिया। वहीं इस जीत के बाद अल-साद के कोच फेलिक्स सांचेज़ ने कहा कि, ये एक कठिन और करीबी खेल था। हमने अल-नासर को गोल रोकने के लिए और उनके घरेलू स्टेडियम में जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। खिलाड़ियों ने अपना अच्छा खेल दिखाया। ईरान के एस्टेघलाल द्वारा साऊदी अरब को 2-2 से हराने के बाद अल अहली क्लब पहले स्थान पर था। जेद्दा में मेजबान के लिए दोनों गोल इवान टोनी ने किए।

राफेल सिल्वा ने 42 मिनट के बाद तेहरान टीम के लिए स्कोरिंग की शुरुआत की, लेकिन टोनी ने मौके से ब्रेक से ठीक पहले स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लाइव खेल ऑनलाइन देखें मोहम्मद होसैन एल्सामी ने फिर से शुरू किया और 6 मिनट बाद एस्टेघलाल की बढ़त बहाल कर दी, लेकिन टोनी ने आखिर में चार मिनट पहले अपना दूसरा पेनल्टी स्कोर किया, जो एक हफ्ते के अंतराल में इंग्लैंड के स्ट्राइकर के लिए एशिया में चौथा गोल था। वहीं ईरान के पर्सेपोलिस ने इराक के अल-शॉर्टा को 2-1 से हराया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात के अल-वास्ल ने कतर के अल-रेयान के साथ 1-1 से ड्रा खेला।

# मिचेल स्टार्क ने कपिल देव-रिचर्ड हेडल को पछाड़ा




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और ऑस्ट्रेलिया पिंक बॉल टेस्ट की शुरुआत यशस्वी जायसवाल के विकेट से हुई। मिचेल स्टार्क ने शुक्रवार को पहली ही गेंद पर बाएं हाथ के ओपनर बल्लेबाज एलबीडब्ल्यू कर दिया। जायसवाल ने पर्थ में खेले गए पिछले टेस्ट में ऐसा प्रदर्शन किया था कि किसी को ये उम्मीद नहीं थी कि भारत की शुरुआत ऐसी होगी। स्टार्क ने ऐसा करके दिग्गज कपिल देव और रिचर्ड हेडली जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने तीसरी बार मैच की पहली गेंद पर विकेट लिया। मिचेल स्टार्क ने 140.0 किलोमीटर प्रतिघंटे से गेंद फेंकी। ओवर द विकेट ऊपर पिच हुई गेंद देरी स्विंग हुई। यशस्वी जायसवाल ने फ्लिक करने की कोशिश की। गेंद पैड पर लगी। बॉल ट्रैकिंग से पता चला कि गेंद लेग स्टंप पर लगी। जायसवाल ने केएल राहुल से बात की और रिव्यू नहीं लेने का फैसला किया जो कि ठीक भी रहा। जायसवाल ने पर्थ में 161 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने स्टार्क से कहा था कि तुम बहुत धीमी गेंदबाजी कर रहे हो। स्टार्क ने इस मैच में पहली ही गेंद पर आउट करके बदला लिया। मिचेल स्टार्क ने तीसरी बार टेस्ट मैच की पहली गेंद पर विकेट लिया। रिचर्ड हैडली, ज्योफ अर्नाल्ड, कपिल देव और सुरंगा लकमल ने दो-दो बार ऐसा किया। मिचेल स्टार्क के अलावा वेस्टइंडीज के पेड्रो कॉलिंस ने 3 बार ऐसा किया है। जायसवाल के बाद शुभमन गिल क्रीज पर उतरे। उन्होंने स्टार्क को लगातार 2 चौके लगाए।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो को लेकर पूर्व साथी ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दुनिया के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को लेकर उनके पूर्व साथी फुटबॉलर ने बड़ा दावा किया है। रोनाल्डो अल नस्र के लिए खेलते हैं। इसी क्लब के पूर्व गोलकीपर अब्दुला वलीद का कहना है कि रोनाल्डो इस्लाम अपनाना चाहते हैं।

अब्दुला ने ये भी कहा कि स्टार फुटबॉलर खुद ये इच्छा जाहिर की है।

एक टीवी शो में अब्दुल्ला ने कहा कि रोनाल्डो ने सऊदी अरब में आकर इस्लाम की इज्जत करने लगे हैं। वह चाहते हैं कि वह इसे अपनाए। उन्होंने कहा कि, रोनाल्डो वाकई में इस्लाम कबूलना चाहते हैं। मैंने उससे बात की है और उसने दिलचस्पी दिखाई है। वह अभी से गोल करने के बाद सजदा करने लगे हैं। वह हमेशा खिलाड़ियों को दुआ करने और इस्लामिक प्रैक्टिस करने को कहते हैं।



साउदी अरब के पूर्व स्टार फुटबॉलर ने बताया कि रोनाल्डो खुद ही ट्रेनिंग के दौरान कोच से कहते हैं कि अजान के समय खिलाड़ियों को ब्रेक दिया जाए ताकि वह नमाज पढ़ सके।

उन्होंने आगे बताया कि शुरुआत में मैं रोनाल्डो के काफी करीब था। वह सउदी अरब के कल्चर को नहीं समझता था। उसे ये सब जानने में बहुत दिलचस्पी थी। वह बहुत सवाल करता था। पिछले साल मई में उन्होंने गोल करके सजदा किया तो सभी खिलाड़ियों ने अल्लाह-हो-अकबर कहा था। साल 2023 में रोनाल्डो के अल नासर में जाने से पहले भी ऐसी ही रिपोर्ट्स आई थीं। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पूर्व रियल मैड्रिड टीम के साथी खिलाड़ी मेसुत ओजिल और करीम बेंजेमा ने उन्हें मुसलमान बनने के लिए मनाने की कोशिश की थी।

# के एल राहुल बिना आउट हुए लौट रहे थे पवेलियन, थर्ड अंपायर ने दे दिया जीवनदान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड ओवल में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत तो अच्छी नहीं रही, लेकिन केएल राहुल और शुभमन गिल की जोड़ी ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम को संभाला। एक समय ऐसा था जब राहुल बिना खाता खोले पवेलियन लौटने लगे थे, लेकिन थर्ड अंपायर के कारण उन्हें जीवनदान मिला। हालांकि, इस जीवनदान का भी फायदा राहुल नहीं उठा पाए और महज 37 रन बनाकर मिचेल स्टार्क का शिकार बन गए। केएल राहुल को जीवनदान मिलने की घटना पारी के 8वें ओवर की है। ओवर की पहली गेंद लेकर आए स्कॉट बोलैंड ने राहुल को अपने जाल में फंसा लिया था। पहली ही गेंद पर राहुल चकमा खा गए थे और विकेट



के पीछे अपना कैच थमा बैठे थे। विकेट कीपर के हाथों में गेंद जाते ही राहुल निराश होकर पवेलियन की ओर बढ़ने लगे थे। लेकिन उसी दौरान अंपायर ने उन्हें रोका और थर्ड अंपायर के कहने पर बोलैंड की पहली गेंद को नो बॉल करार दिया।

राहुल को इस तरह जीवनदान मिला। लेकिन कुछ देर बाद जब स्निको मीटर में देखने को मिला केएल राहुल के बैट पर गेंद ही नहीं लगी थी, वह बिना आउट हुए ही पवेलियन लौट रहे थे। हालांकि, नो बॉल ने उन्हें बचा लिया अगर थर्ड अंपायर उस गेंद को नो बॉल करार नहीं देते तो राहुल बिना आउट हुए ही पवेलिय लौट जाते।




स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।